# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 202 ■ अम्बिकापुर, बुधवार 05 अगस्त 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com

# अंतरराज्यीय हाथी दांत तस्करी का पर्दाफास, डब्ल्यूसीसीबी उड़नदस्ता की दबिश में 3 गिरफ्तार

## रामानुजगंज वन अमले की निगरानी सवालों के घेरे में की, 3 जबड़े बरामद

**छ.ग.फ्रंटलाइन रामानुजगंज।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) और राज्य उड़नदस्ता दल की संयुक्त कार्रवाई ने अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। कार्रवाई में हाथी के जबड़े की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और मौके से 3 नग हाथी का जबड़ा बरामद किया गया है।



वन विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार] 3 अगस्त को रामानुजगंज स्थित आमंत्रण धर्मशाला के कमरा क्रमांक-205 में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। यहां तलाशी के दौरान एक बैग से हाथी के जबड़े बरामद हुए। मौके से तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के पलामू निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा पिता स्व. जगरनाथ विश्वकर्मा 42 वर्ष, निवसी ग्राम तुकवेरा, पोस्ट कांडा, थाना नवा बजार, रामानुजगंज वार्ड क्रमांक 11 निवासी अजय कुमार गुप्ता पिता आदित्य नारायण गुप्ता 49 वर्ष, और वार्ड क्रमांक 5 निवासी सतेन्द्र कुमार रजक पिता लखन राम 50 वर्ष शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से 3 हाथी के जबड़े बरामद करके वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9, 39, 48(क), 50, 51 एवं 52 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रामानुजगंज की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### स्थानीय वन अमले की भूमिका पर उठे सवाल

इस कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा प्रश्न स्थानीय वन विभाग की सतर्कता को लेकर खड़ा हो गया है। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र अंतरराज्यीय सीमा से लगा संवेदनशील क्षेत्र है। यदि हाथी दांत की तस्करी का नेटवर्क सक्रिय था तो यह गतिविधियां एक-दो दिन में विकसित नहीं हुई होंगी। सवाल यह है कि इतने लंबे समय तक तस्करों की आवाजाही की भनक स्थानीय वन अधिकारियों को क्यों नहीं लगी? आखिर कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसी और राज्य उड़नदस्ता दल को मैदान में क्यों उतरना पड़ा? स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग का फोकस पौधारोपण और उससे जुड़ी प्रचार गतिविधियों पर है, जबकि वन्यजीव संरक्षण और तस्करी रोकने जैसे मूल दायित्वों पर गंभीरता नहीं दिख रही।

### जानकारी छिपाने डील के प्रयास का आरोप

वन विभाग की कार्यशैली के बीच कार्रवाई की जानकारी चयनित माध्यमों तक सीमित रखना और जांच का हवाला देकर टालमटोल करना समझ से परे है। सूत्रों का दावा है कि इस मामले को दबाने के लिए कुछ स्थानीय युवकों द्वारा मीडिया मैनेजमेंट के नाम पर लाखों की डील की जा रही थी, लेकिन वन विभाग की टीम ने समय रहते नकेल कसा, जिससे ऐसे लोगों की मंशा पर पानी फिर गया। मामला अब पूरे रामानुजगंज में चर्चा का विषय बना हुआ है। नागरिकों की मांग है कि, जिस प्रकार तस्करों पर कार्रवाई हुई है, उसी तरह निगरानी में चूक की भी जांच होनी चाहिए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# भीषण अग्निकांड में लाखों का कपड़ा खाक, पानी खत्म होने से फायर ब्रिगेड हुई फेल

## स्टेट बैंक रोड में सुबह 5.30 बजे की घटना, 50 लाख से अधिक के नुकसान की आशंका

**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर/रामानुजगंज।** नगर के स्टेट बैंक रोड में स्थित एक बड़े कपड़ा व्यवसायी की दुकान में मंगलवार की सुबह भीषण आग लग गई। आग में दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 50 लाख रुपये से अधिक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।



जानकारी के अनुसार, घटना 4 अगस्त के सुबह लगभग 5.30 बजे की है। सुबह टहलने निकले लोगों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं। उन्होंने तत्काल दुकान संचालक निहाल जायसवाल को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी और दुकान के भीतर रखा कपड़ा व अन्य सामान धू-धू कर जल रहा था। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन फायर ब्रिगेड के वाहन का पानी समाप्त हो जाने के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के पानी के टैंकर, बाल्टियों के माध्यम से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास जारी रखा। काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। आग इतनी भीषण थी कि आसपास की दुकानों में भी अफरा-तफरी मच गई। अग्निकांड के दौरान नगर पालिका के युवा पार्षद पवन गुप्ता, रवि रंजन पाल, अमित गुप्ता, रोहित गुप्ता सहित कई स्थानीय नागरिक मौके पर मौजूद रहे और आग बुझाने में सक्रिय सहयोग किया।

**एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना**-गौरतलब है कि रामानुजगंज नगर में एक सप्ताह के भीतर आग लगने की यह दूसरी बड़ी घटना है। लगातार हो रही अग्नि दुर्घटनाओं से लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोगों ने फायर ब्रिगेड के संसाधन बढ़ाने और मार्केट में फायर सेफ्टी उपकरण अनिवार्य करने की मांग की है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। मामले की जांच की जा रही है।

**आग बुझाने में आई दिक्कतें**-सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची लेकिन आग विकराल हो चुकी थी। दमकल का पानी समाप्त होने के कारण चिंता की स्थिति बनी और आग पर काबू पाने के लिए लोग स्वस्फूर्त आगे आ गए। इनके द्वारा टैंकर और बाल्टियों से आग बुझाने का क्रम जारी रखा गया।

### मारपीट करके मोटरसाइकल की लूट, 4 के खिलाफ केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन बतौली।** थाना क्षेत्र के ग्राम बटवाही खालपारा, चौकी रघुनाथपुर निवासी लिपिक के साथ मारपीट करके मोटरसायकल लूटकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने 4 आरोपियों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, महेन्द्र कुमार सिंह उर्फ सोनू हायर सेकेण्डरी स्कूल बरगीडीह में सहायक ग्रेड-3 के पद पर कार्यरत हैं। 02 अगस्त को शाम 4 बजे वे अपने रिश्ते के भाई इन्द्रसेन पैकरा के घर ग्राम कुनकुरीकला अपनी मोटरसाइकल क्रमांक सीजी 15 ईसी 9908 से आए थे। रात करीब 8.30 बजे भाई को खोजते समय उरांवपारा में राहुल पैकरा, हेमन्त पैकरा, नानसाय एवं नंदलाल पैकरा ने उन्हें रोका और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। विरोध करने पर चारों ने हाथ-मुक्का, लात व डंडे से मारपीट करके जमीन पर पटक दिया।

आरोपियों ने उनकी होंडा साइन मोटरसाइकल लूट ली और फरार हो गए। मारपीट में महेन्द्र सिंह की दोनों आंख, चेहरा, सिर, पीठ, सीना व हाथ में चोटें आई हैं। पुलिस ने आवेदन पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# बनारस गए सब-इंजीनियर के मकान से 20 लाख का जेवरात व नकद रकम चोरी

## दरवाजे का लॉक तोड़कर घुसे, खिड़की का ग्रिल तोड़कर भागे, सीसीटीव्ही का डीवीआर भी ले गए





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ रोड में स्थित कोणार्क रेसीडेंसी में राष्ट्रीय राजमार्ग में पदस्थ सब-इंजीनियर रितेश कुमार सिंह के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने करीब 20 लाख रुपये का सोने-चांदी के जेवरात और 25 हजार रुपये नकद पार कर दिया। चोर बाउंड्री लांघकर अंदर प्रवेश किए थे, जिस कारण कॉलोनी में रहने वाले लोगों को चोरी की भनक नहीं लग पाई। घटना से पूरा परिवार व्यथित है।

जानकारी के मुताबिक, रितेश सिंह 01 अगस्त, शनिवार को अपनी पत्नी के साथ बनारस स्थित काशी विश्वनाथ दर्शन करने के लिए शाम करीब 4.30 बजे निकले थे। घर में उनकी मां और बच्चे थे, जो अकेले रहने के कारण शनिवार की शाम को करीब 07 बजे नमनाकला स्थित पुराने घर में चले गए। 03 अगस्त, सोमवार की रात करीब 8.30 बजे जब वे घर लौटे तो बाउंड्री से लगे गेट में ताला पूर्ववत लगा था। अंदर आने के बाद जब उन्होंने घर के मुख्य प्रवेश द्वार को खोलने का प्रयास किया, तो पता चला कि दरवाजा अंदर से बंद है। मकान का अवलोकन करने पर पता चला कि, चोर मुख्य द्वार का सेंटर लॉक बलपूर्वक उखाड़कर अंदर प्रवेश किए थे और तीनों बेडरूम की आलमारियों का ताला तोड़कर करीब 20 लाख रुपये का जेवरात और 25 हजार रुपये नकद ले गए थे। सूचना पर मंगलवार की सुबह पुलिस, स्निफर डॉग और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। स्निफर डॉग खेत तक जाने के बाद भटक गया। पुलिस टीम ने मौके से फुट और फिंगर प्रिंट लिए हैं, और अग्रिम जांच, कार्रवाई कर रही है।

**खिड़की का ग्रिल तोड़कर निकले चोर**-सूने मकान को आराम से खंगालने के बाद चोर बैठक रूम से लगे बेडरूम की खिड़की का ग्रिल तोड़कर भागे। जाते समय बाक्स के अंदर पूरी तरह से सुरक्षित सीसीटीव्ही का डीबीआर भी निकाल कर ले गए। कॉलोनी के अंदर चोरों के द्वारा खेत की ओर से प्रवेश करने की संभावना को बल मिल रहा है, क्योंकि कॉलोनी के मुख्य प्रवेश द्वार पर 24 घंटे सुरक्षा प्रहरी की मौजूदगी बनी रहती है। वहीं बाहरी आने-जाने वाले लोगों की एंट्री भी गार्ड के द्वारा की जाती है।

**रेकी के बाद चोरी की संभावना**-सब इंजीनियर और परिवार के सदस्यों के द्वारा चोरी की वारदात को रेकी के बाद अंजाम देने की संभावना व्यक्त की जा रही है। चोर को इस बात की जानकारी थी कि, सब इंजीनियर दंपति के बनारस जाने के बाद उनकी मां और बच्चे पुराने घर में चले गए हैं। ऐसे में उन्हें चोरी का भरपूर मौका मिला और वे बाउंड्री के रास्ते से अंदर प्रवेश करने के बाद अंदर के सभी कमरों के दरवाजे का लॉक तोड़कर घटना को अंजाम दिए।

**पहले भी हो चुकी है लाखों की चोरी**-सब इंजीनियर रितेश कुमार सिंह ने बताया कि कॉलोनी में बीते वर्ष भी जून माह में 30 लाख से अधिक की चोरी की वारदात हो चुकी है। चोरों ने सेवानिवृत परियोजना अधिकारी के मकान को निशाना बनाया था। वे अपनी बेटी के विवाह के लिए जेवर संजोकर रखे थे, जिसे चोरों ने पार कर दिया था। घटना में पेशेवर चोर गिरोह के लोगों के होने की संभावना भी कॉलोनी वासी जता रहे हैं। देखना यह है कि, पुलिस चोरों तक पहुंचने में कब तक सफल हो पाती है।

### एक लाख नहीं देने पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने का आरोप

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बौरीपारा अंबिकापुर निवासी एक महिला ने कोतवाली थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि, उनके पुत्र के मोबाइल फोन में असोला निवासी एक महिला ने फोन करके एक लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दी थी।

आरोप है कि, महिला ने जब उन्होंने रुपये देने से मना कर दिया तो एक अगस्त को थाना अंबिकापुर में उनके पुत्र के खिलाफ दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी गई, इसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। मामले की निष्पक्ष जांच करने और एफआईआर दर्ज करके मोबाइल, चैट व कॉल रिकॉर्ड को जांच में शामिल करने की मांग पीड़ित युवक की मां ने की है। पुलिस ने आवेदन पर धारा 308(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# सरगुजा जिले के नवपदस्थ एएसपी रितेश चौधरी ने पदभार संभाला



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग के आदेश के अनुपालन में राज्य पुलिस सेवा के 2013 बैच के अधिकारी रितेश चौधरी ने आज सरगुजा जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश अग्रवाल से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने जिले की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसेवा एवं सामुदायिक पुलिसिंग के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके बाद एएसपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के प्रभारियों एवं अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने शाखावार कार्यप्रणाली एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर सभी कार्यों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निष्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में गति लाकर आमजन को बेहतर और संवेदनशील पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।


***'जनसेवा और सामुदायिक पुलिसिंग रहेगी प्राथमिकता'***

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी ने कहा कि सरगुजा जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी करना, सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देना तथा नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील पुलिस सेवा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उल्लेखनीय है कि सरगुजा में पदस्थापना से पूर्व रितेश चौधरी उप सेनानी, 14वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, धनौरा, जिला बालोद में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# सरगुजा में गतका को मिलेगा नया मंच, राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए हुआ ट्रायल

## नई प्रतिभाओं की खोज के लिए दशमेश पब्लिक स्कूल में गतका ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दशमेश पब्लिक स्कूल, अंबिकापुर द्वारा 'द गतका एसोसिएशन ऑफ सरगुजा' के सहयोग एवं 'द गतका एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़' से संबद्धता में मंगलवार को 'गतका ओरिएंटेशन प्रोग्राम-2026' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरगुजा के राष्ट्रीय गतका खिलाड़ियों द्वारा विद्यार्थियों को गतका खेल का परिचय देते हुए इसकी विभिन्न तकनीकों एवं बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को शस्त्र संचालन, फुटवर्क और आत्मरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही हाल ही में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय गतका चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल भी लिया गया। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बेहतर ढंग से तैयार करने तथा नई प्रतिभाओं को अवसर देने के उद्देश्य से इस विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं द गतका एसोसिएशन ऑफ सरगुजा के बलविंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि, जिले में गतका खेल का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सरगुजा का नाम रोशन कर सकें। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य ममता विश्वकर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सदस्य एवं अकादमिक हेड जितेंद्र सिंह सोढी, गतका के तकनीकी सदस्य कृष्णा एक्का, गतका डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर रजत सिंह, खेल प्रशिक्षक आकाश कश्यप, शरणजीत कौर सहित विद्यालय परिवार एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



के आर टेक्निकल कॉलेज
SINCE 2008
( Regular I Private I Distance )
ADMISSION OPEN 2026-27
मान्यताएँ
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा से सम्बद्ध
छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त
इग्नू का स्टडी सेंटर
SINCE 2008
COURSES OFFERED
UG COURSES: BCA, BBA, BCOM, BSC BIO, BSC MATHS, BSC CS, BA
PG COURSES: MSC CS, MSC IT, MSC BOTANY, MSC ZOOLOGY, MSC CHEMISTRY, MSC MATHS, MSC PHYSICS, MCOM, MSW, MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA, PGDCA, PGDBM, PGDRD, BLIB
SCHOLARSHIP FACILITIES
विद्यासागर छात्रवृत्ति (सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए)
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (SC, ST एवं OBC विद्यार्थियों हेतु)
सीमित कोर्स में फ्री कोचिंग सुविधा उपलब्ध
COLLEGE CAMPUS: अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन के पास, काली घाट मंदिर के आगे, संजय नगर, छत्तीसगढ़
9926513170, 9826612781
CITY OFFICE: कृष्ण आभा भवन, रिंग रोड, नमना कला, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़
9826183771

(बालाजी क्लीनिक)
मद्रासी दवाखाना
Reg. No. Cg03026
ISO 9001: 2015 CERTIFIED
बादी एवं खूनी बवासीर, नासूर, भगंदर, फीसर एवं कांच (गुदा) का क्षार सूत्र से, एवं आंतों की बीमारियों जैसे पेट का भारीपन, गैस, कब्ज, पुरुष और स्त्री के गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक उपचार किया जाता है।
डॉ. के.एम. राव
एम.एस.(आयु) शल्य
भूतपूर्व प्राध्यापक शल्य विभाग
शासकीय आयुर्वेद कॉलेज अहमदाबाद
समय :- सोमवार से शनिवार, सुबह 10 से 2, शाम 6 से 7:30
रविवार सुबह 10 से 2, शाम को बंद रहेगा
बिलासपुर रोड, बिलासपुर चौक, अम्बिकापुर मो. 90099-56307

## ई-ऑफिस प्रणाली पर हुआ प्रशिक्षण, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी हुए शामिल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** शासकीय कामकाज को पूर्णतः डिजिटल एवं पारदर्शी स्वरूप देने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के आदेश के परिपालन में मंगलवार को यहां जिला संयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित की। ई जिला प्रबंधक सुमित सिंह द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ई-ऑफिस पोर्टल के संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए ई-फाइल बनाने, नोटशीट तैयार करने, डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करने, फाइलों को ट्रैक करने तथा ऑनलाइन अनुमोदन की प्रक्रिया को व्यावहारिक रूप से समझाया गया।

प्रशिक्षण को व्यावहारिक स्वरूप देते हुए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया, ताकि कार्यालयीन कार्यों में इस प्रणाली का उपयोग सहजता से किया जा सके।

# कोटपा एक्ट का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

### अवैध क्लिनिकों और नियमों का उल्लंघन करने वाले दवा विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी अंकुश लगाने, नशे के दुष्प्रभावों से बचाव तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर त्रिपाठी ने कोटपा एक्ट के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने तथा स्कूलों और कॉलेजों के आसपास नियमित निरीक्षण अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने होटलों एवं ढाबों का नियमित निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर त्रिपाठी ने प्रतिबंधित एवं एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने, निजी क्लीनिकों के लाइसेंस, निर्धारित मानकों तथा औषधि भंडारण की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अवैध क्लीनिकों तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले दवा विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों एवं महाविद्यालयों में नशा मुक्ति अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों और युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़े, वे नशे से दूर रहें तथा स्वस्थ, सुरक्षित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों।

बैठक में वर्चुअल रूप से जुड़े पुलिस अधीक्षक वैभव बेंकर ने जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत अब तक की गई कार्रवाइयों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने चेक पोस्टों पर वाहनों की सघन जांच करने के निर्देश दिए, जिससे मादक पदार्थों की तस्करी एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# मोरभंज डेम में स्टंटबाजी पड़ी भारी, तीन युवक गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** पर्यटन स्थल मोरभंज डेम के पास कारों से खतरनाक स्टंट करना तीन युवकों को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद जयनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने स्टंट में इस्तेमाल की गई तीन कारों को भी जब्त कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि आरोपी विपिन पाल (26 वर्ष) निवासी ग्राम कंचननगर थाना रामानुजगंज बलरामपुर, धनंजय राव उर्फ चिन्नू 22 वर्ष निवासी गांधीनगर। सरगुजा तथा मो. लतीफराजा 26 वर्ष निवासी पड़कीपारा करवां थाना जयनगर द्वारा मोरड़ी डेम के समीप खुले मैदान में गत दिनों तेज रफ्तार और लापरवाही से कारें चलाकर स्टंटबाजी की जा रही थी। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में पर्यटक और स्थानीय लोग मौजूद थे, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आते ही जयनगर पुलिस हरकत में आई और मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ





लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में अपराध दर्ज किया।

पुलिस ने जांच के बाद 3 अगस्त को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही स्टंटबाजी में इस्तेमाल की गई तीनों कारों क्रमशः सीजी 15 ईएफ 9534, सीजी 10 एवाई 9221 और सीजी 04 एचडी 5700 को भी जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पर्यटन स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह की स्टंटबाजी न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती है।

## एक ही मजदूरों को दो कार्यों में दिखाना पड़ा भारी, एक कंस्ट्रक्शन दो साल के लिए प्रतिबंधित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में ठेका कार्यों में अनियमितता सामने आने पर एक कंस्ट्रक्शन ठेकेदार एवं उसके दोनों साझेदारों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।कंपनी ने फर्म और उसके साझेदारों को दो वर्षों के लिए सभी निविदाओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया है। सतर्कता विभाग की जांच में जून 2024 से फरवरी 2025 के बीच दो अलग-अलग अनुबंधों में चार समान मजदूरों की एक साथ तैनाती और उनके नाम पर भुगतान दर्शाए जाने का मामला सामने आया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर एसईसीएल प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया। साथ ही संबंधित वित्तीय देयता की राशि ठेकेदार के बकाया भुगतान से वसूलने के निर्देश भी दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार इसी प्रकार की अनियमितताओं में अन्य ठेकेदारों की भूमिका की भी जांच की मांग उठ रही है। हालांकि जानकारों का कहना है कि एसईसीएल में वेजेज सीट से जुड़ी अनियमितताओं के आरोप कोई नए नहीं हैं। आरोप है कि कई मामलों में वास्तविक मजदूरों के स्थान पर ठेकेदार अपने परिचितों या परिवार के सदस्यों के नाम वेजेज शीट में दर्ज कर उनके खातों में राशि जमा कराते हैं और भुगतान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर बिल पास करा लेते हैं।वास्तविक मजदूरी की राशि ठेकेदार मजदूरों को न देकर नगद के रूप में कम भुगतान किया जाता है। आरोप लगाया जा रहा है कि ऐसे मामलों में भुगतान स्वीकृत करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं हो पाती।

चर्चा यह भी है कि कई मामलों में सतर्कता जांच लंबी अवधि तक लंबित रहने से दोषियों को बचाव और पैरवी का पर्याप्त समय मिल जाता है। ऐसे में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह मांग उठ रही है कि यदि जांच में किसी अधिकारी की भूमिका सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, 14 अगस्त तक किसान करा सकेंगे फसलों का बीमा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** किसान के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम वर्ष 2026 हेतु बीमा आवेदन की अंतिम तिथि 14 अगस्त कर दिया गया है। इस आशय की अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 31 जुलाई को जारी कर दी गई है। इस निर्णय का सर्वाधिक लाभ उन किसानों को मिलेगा, जो किसी कारणवश 31 जुलाई के पूर्व निर्धारित समय-सीमा तक अपना बीमा आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सके थे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को अनिश्चितताओं के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, अतः जिले का कोई भी अन्नदाता इसके लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जो किसान पूर्व निर्धारित तिथि तक बीमा नहीं करा सके थे, वे इस बढ़ी हुई समय-सीमा का पूरा उपयोग करते हुए 14 अगस्त के पूर्व अपने नजदीकी लोक सेवा केंद्र, संबंधित बैंक, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति अथवा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से पंजीयन अवश्य करा लें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि अंतिम दिनों में भीड़ एवं तकनीकी असुविधा से बचने के लिए किसान समय रहते आवेदन कर दें तथा आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें। कलेक्टर ने उप संचालक कृषि एवं विकासखंड स्तरीय अमले को निर्देशित किया है कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए तथा ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी, कृषक चौपाल एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों तक तिथि वृद्धि की जानकारी पहुंचाई जाए।



# रोमांचक मुकाबले में करंजी और जयनगर की टीमें बराबरी पर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर के एकता स्टेडियम में आयोजित न्यू टैलेंट प्रोत्साहन कप फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करंजी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर के बीच खेले गए मुकाबले में दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल दागा। निर्धारित समय तक कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी और मैच 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रणनीति अपनाई। करंजी की टीम ने तेज पासिंग और आक्रमण से दबाव बनाने का प्रयास किया, वहीं जयनगर के खिलाड़ियों ने मजबूत रक्षापंक्ति और तेज पलटवार के दम पर मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। दोनों टीमों के गोलकीपरों ने भी कई बेहतरीन बचाव कर अपनी-अपनी टीम को हार से बचाया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन के मुख्य अतिथि विकास तायल रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया और खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जतिन तायल, विजय गोयल और अमित मित्तल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण और स्थानीय स्तर की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।



प्रतियोगिता के आयोजक राजेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों की सहभागिता को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# राष्ट्रमण्डल खेल में रजक पदक जीतकर ज्ञानेश्वरी यादव ने बढ़ाया प्रदेश का मान

### भाजयुमो जिला अध्यक्ष बोले-दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर असंभव नहीं कोई भी लक्ष्य

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमण्डल खेल-2026 में महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगाँव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव को बधाई देते हुए भाजयुमो जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा है कि यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है। ज्ञानेश्वरी ने अपने पहले राष्ट्रमण्डल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। भाजयुमो जिला अध्यक्ष देव गुप्ता ने कहा कि महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कुल 199 किलोग्राम वजन उठाकर ज्ञानेश्वरी ने न केवल देश के लिए पदक जीता, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी। श्री गुप्ता ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व वाली भाजपा की राज्य सरकार युवाओं को हरसम्भव मदद पहुँचा रही है। प्रदेश के युवा खेल के साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़े इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञानेश्वरी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उन्हें 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने की घोषणा की। इससे प्रदेश के युवाओं में रुचि बढ़ेगी। श्री गुप्ता ने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के बल पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की है। उनकी सफलता प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है यदि मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती। राज्य सरकार ने उन्हें आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने का निर्णय लिया है, ताकि उनकी उपलब्धि का सम्मान हो और प्रदेश के अन्य खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों। भाजपा सरकार मातृशक्ति को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दे रही है जिससे महिलाएँ हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि छत्तीसगढ़ के अधिक-से-अधिक खिलाड़ी ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में तिरंगा लहराएँ तथा देश और प्रदेश का नाम विश्वभर में रोशन करें। ज्ञानेश्वरी जैसी खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ इस दिशा में नई पीढ़ी का आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य करेंगी। श्री गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानेश्वरी भविष्य में भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत और छत्तीसगढ़ का नाम विश्व मंच पर नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगी।



# विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा के लिए शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

### जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने की पहल

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा के सफल संचालन हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज करते हुए परीक्षा की पंजीयन प्रक्रिया, संचालन एवं विद्यार्थियों को मिलने वाले अवसरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।




जिला शिक्षा अधिकारी एम.आर. यादव के नेतृत्व में विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक गौरव वर्मा एवं विवेक पाठक ने प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान राज्य समन्वयक गौरव वर्मा ने परीक्षा की पंजीयन प्रक्रिया, परीक्षा की रूपरेखा, चयन प्रक्रिया तथा विद्यार्थियों को मिलने वाले शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षकों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कर उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।


इस पहल से जिले के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होने का बेहतर अवसर मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि विद्यार्थी विज्ञान मंथन देश की प्रतिष्ठित चार स्तरीय विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वर्ष कक्षा 6वीं से 11वीं तक के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। राज्य स्तर पर 150 विद्यार्थियों को विज्ञान शिविर में शामिल होने का अवसर मिलता है, जबकि प्रत्येक राज्य से 12 उत्कृष्ट विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय शिविर के लिए किया जाता है। सफल विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कार एवं छात्रवृत्तियों के साथ-साथ इसरो और डीआरडीओ जैसे देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण करने का भी अवसर प्राप्त होता है।

# संदिग्ध गौ मांस तस्करी का खुलासा, नाबालिग पकड़ा गया, दो बोरे गौ मांस जब्त

**महासमुंद, एजेंसी।** जिले के पिथौरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने संदिग्ध गौ मांस की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। उसके कब्जे से दो बोरों में रखा संदिग्ध गौ मांस बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, यह मांस पटेवा थाना क्षेत्र के झलप के पास स्थित गांव से बसना ले जाया जा रहा था। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग संदिग्ध गौ मांस की तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पिथौरा थाना पुलिस ने संभावित मार्गों पर घेराबंदी की। इसी दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर



तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से दो बोरों में संदिग्ध गौ मांस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी उम्र नाबालिग पाई गई। पुलिस ने जब्त मांस को सुरक्षित रख लिया है। आवश्यकता पडने् पर इसकी वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी, ताकि मांस की प्रकृति की पुष्टि हो सके। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषि पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि मांस कहां से लाया गया, बसना में किसे पहुंचाया जाना था और इस पूरे नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं। पुलिस को संगठित तस्करी गिरोह की आशंका है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ जारी है। पुलिस ने लोगों से अवैध पशु तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील करते हुए कहा है कि सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# महामना मालवीय मिशन सरगुजा ने किया वृक्षारोपण, महामना मालवीय के आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर। पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से महामना मालवीय मिशन, सरगुजा द्वारा शासकीय हाई स्कूल बटवाही परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनके संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संस्था के संरक्षक हरिशंकर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के जीवन-दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मालवीय जी का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा, राष्ट्रभक्ति और शिक्षा के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति उनकी दिनचर्या, कार्यशैली और जीवन मूल्यों का गंभीरता से अध्ययन कर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात कर ले, तो वह निश्चित रूप से एक आदर्श एवं सम्मानित व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि महामना ने कभी व्यक्तिगत स्वार्थ को महत्व नहीं दिया। उनके लिए समाज, राष्ट्र और मानवता का कल्याण सदैव सर्वोपरि रहा। यही कारण है कि उन्हें ₹महामना₹ की उपाधि से विभूषित किया गया। ब्रह्मशंकर सिंह ने कहा कि व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके पद, प्रतिष्ठा अथवा संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके कर्म और चरित्र से होती है। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण प्रत्येक व्यक्ति को निष्काम कर्म, अनुशासन, सेवा और कर्तव्यपालन का संदेश देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से चरित्रवान, संस्कारित एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिक बनने का आह्वान किया। डॉ. जे. डी. सिंह ने जैव विविधता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी पर विद्यमान प्रत्येक जीव पर्यावरणीय संतुलन की महत्वपूर्ण



कड़ी है। वन्यजीवों एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण मानव अस्तित्व के लिए भी अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। जय प्रकाश चौबे ने गीता के मूल संदेश का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज, राष्ट्र और परिवार के प्रति हमारी सोच संकीर्ण या एकपक्षीय नहीं होनी चाहिए। ₹बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय₹ की भावना से किया गया प्रत्येक कार्य समाज में आदर्श स्थापित करता है तथा व्यापक जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर त्रिलोकी सिंह ने महामना मालवीय मिशन की स्थापना, उद्देश्यों तथा सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रनिर्माण संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन समय-समय पर वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, संस्कार निर्माण, शिक्षा



जागरण तथा सामाजिक समरसता के विविध कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। श्याम बिहारी पाण्डेय ने विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सामान्य ज्ञान, नैतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े प्रश्न पूछकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन और ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया। डॉ. जी. के. अग्रवाल ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण गंभीर संकट का सामना कर रहा है। ऐसे समय में वृक्षारोपण एक प्रभावी उपाय है, किंतु इसके साथ पौधों का संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पर्यावरण संरक्षण को जीवन का संस्कार बनाने का आग्रह किया। रणविजय सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खेल न केवल शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र नाथ दुबे ने किया। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करते हुए राजेश कुमार सिंह (उर्फ कल्लू सिंह) ने कहा कि समाजहित और राष्ट्रहित में महामना मालवीय मिशन का कार्य सराहनीय और प्रशंसनीय है। इस अवसर पर सच्चिदानंद पाण्डेय, अशोक सोनकर, अनिल त्रिपाठी, चक्रवर्ती प्रसाद गुप्ता सहित मिशन के अनेक सदस्य, विद्यालय परिवार एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत महामना मालवीय मिशन के सभी सदस्यों ने त्रिलोकी सिंह के निवास पर आयोजित सुंदरकाण्ड पाठ में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की तथा प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ बनाने का संदेश भी दिया गया।

## तुमला-मेंडर-ओडिशा सीमा सड़क निर्माण के लिए 27.73 करोड़ की स्वीकृति, वर्षा बाद शुरू होगा कार्य

### लोक निर्माण विभाग ने दी तथ्यात्मक जानकारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर- तुमला से भेलवा तक सड़क की स्थिति को लेकर प्रकाशित समाचार के संबंध में लोक निर्माण विभाग, संभाग पत्थलगांव ने तथ्यात्मक जानकारी जारी की है। विभाग ने बताया कि तुमला से मेंडर-ओडिशा सीमा तक 12.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा 27 करोड़ 73 लाख 31 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि नियमानुसार निविदा प्रक्रिया पूरी कर 5 जून 2026 को निर्माण एजेंसी को कार्यादेश जारी किया गया है तथा कार्य पूर्ण करने के लिए एक वर्ष की समय-सीमा निर्धारित है। विभाग के अनुसार वर्तमान में वर्षा ऋतु के कारण डामरीकृत सड़क को उखाड़कर निर्माण कार्य प्रारंभ करना उचित नहीं है, क्योंकि इससे आवागमन और अधिक प्रभावित होगा। मौसम अनुकूल होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले की सड़कों के रखरखाव एवं निर्माण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## IS Ltd में सुरक्षा अधिकारी बनने का सुनहरा अवसर, 10 से 12 अगस्त तक होगी भर्ती प्रक्रिया

### 100 सुरक्षा अधिकारी कैडर पदों पर होगा चयन, प्रशिक्षण के दौरान 33 से 40 हजार रुपये तक CTC

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर- भारत की अग्रणी सुरक्षा कंपनी रकर छ३द्विारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को सुरक्षा अधिकारी बनने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद, नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में पसारा एक्ट-2005 के अंतर्गत 10 से 12 अगस्त 2026 तक सुरक्षा अधिकारी कैडर के 100 GTO पदों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। एसआईएस के कमांडेंट श्री कुमार शिवेन्द्र ने बताया कि चयन प्रक्रिया एसआईएस प्रशिक्षण केंद्र, लाइवलीहुड कॉलेज, बॉयज हॉस्टल, डोडकाचौरा, जशपुर में आयोजित होगी। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान ही 33,000 से 40,000 रुपये प्रतिमाह CTC का प्रारंभिक वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए अभ्यर्थी का किसी भी विषय में स्नातक होना आवश्यक है। साथ ही न्यूनतम लंबाई 167.5 सेंटीमीटर तथा आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति जहां पर भी होगी, उन्हें राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम 1984 के अनुरूप वेतन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा पेंशन, विधवा पेंशन, ग्रेच्युटी, ईएसआई, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल सुविधा, आवास, दो बच्चों को आई. पी. एस. स्कूल देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं भोजन की सुविधा सहित अन्य लाभ भी दिए जाएंगे। कंपनी की कर्मचारी शेयर योजना का लाभ भी पात्र कर्मचारियों को मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कंपनी की आधिकारिक वेबसाइटwww.sisindia.com तथा फेसबुक पेज Job at SIS का उपयोग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 7004623515 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का आधार केन्द्र प्राथमिकता से बनाने के दिए निर्देश

**आधार केन्द्र में अधिकारियों को निगरानी रखने के सख्त निर्देश**

**गड़बड़ी करने वाले आपरेटर पर करें कार्रवाई**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरनगर - कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आधार निगरानी समिति (ऊछअटउ) की बैठक आयोजित ली और आधार से संबंधित विभिन्न विषयों पर हुई विस्तृत समीक्षा की उन्होंने जिले में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य की प्रगति, लंबित मामलों तथा आधार सेवाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि टइव (टंल्लींङ्म१८ इङ्मींउ१ू वस्त्रींउ) के लिए लंबित विद्यार्थियों का आधार अपडेट कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाए तथा अद्यतन उपरांत सभी विद्यार्थियों की जानकारी वऊकरए पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से अपडेट की जाए। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि शेष छोटे बच्चों के आधार नामांकन का कार्य उल्ढर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आधार ऑपरेटरों के माध्यम से शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए, ताकि कोई भी पात्र



बच्चा आधार सुविधा से वंचित न रहे। बैठक में जिले में कार्यरत सभी आधार ऑपरेटरों को वकऊअक के निर्धारित नियमों एवं दिशा-निदेर्शों का पालन करते हुए आधार केंद्रों का सुचारू एवं पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्पष्ट किया गया कि आधार कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियम विरुद्ध गतिविधि में किसी ऑपरेटर की संलिप्तता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आधार संबंधित मशीन की उपलब्धता की भी जानकारी ली। पंडरापाठ, सोन क्यारी और जिन स्थानों पर आधार केन्द्र की आवश्यकता है वहां केन्द्र खोलने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियो को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आधार केन्द्र के आपरेटर लापरवाही और गड़बड़ी करते हैं तो कार्रवाई निश्चित करें इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू सभी एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ, जिला स्तरीय अधिकारीगण वकऊअक के सहायक प्रबंधक श्री सूरज वैष्णव, आधार जिला समन्वयक श्री विवेक सिंह, पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, छऊट, समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मछली बीज उत्पादन से किसान रयतु राम ने दो माह में कमाए 30 हजार रूपए

रायपुर ।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर प्रदेश के किसान नवाचारों के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि कर रहे हैं। इसी कड़ी में बस्तर जिले के ग्राम पंचायत सिवनी (हिरलाभाटा) निवासी प्रगतिशील किसान रयतु राम ने मछली बीज (स्पॉन) उत्पादन अपनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। कम समय में बेहतर आय अर्जित कर उन्होंने यह साबित किया है कि आधुनिक तकनीक और विभागीय मार्गदर्शन के साथ मत्स्यपालन किसानों के लिए लाभकारी आजीविका का सशक्त माध्यम बन सकता है। रयतु राम ने अपनी कुल 5 एकड़ कृषि भूमि में से लगभग एक एकड़ क्षेत्र में बने तालाब में इस वर्ष मछली बीज उत्पादन का कार्य शुरू किया।

## अवैध रेत उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन पर करें सख्त कार्रवाई : प्रभारी मंत्री बघेल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मंत्री श्री बघेल ने बैठक में खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने रेत, मुरुम, पत्थर सहित अन्य गौण खनिजों के अवैध कारोबार पर सख्ती से नियंत्रण रखने तथा नियमित जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग का समीक्षा करते हुए कहा कि खाता विभाजन, नामांतरण, सीमांकन, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, न्यायालयीन प्रकरण एवं डायवर्सन संबंधी मामलों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लंबित एनओसी प्रकरणों का भी समयबद्ध निराकरण करने तथा अनावश्यक विलंब नहीं होने देने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में राजिम विधायक श्री रोहित साहू, कलेक्टर श्री बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर, वनमण्डलाधिकारी श्री शशिगानंदन के, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री बघेल ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, भूमिहीन परिवारों को स्वीकृत आवासों की प्रगति पर नियमित निगरानी रखने तथा व्यक्तिगत शौचालयों का शत-प्रतिशत निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष बल देते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत अधिक से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर बड़े कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जहॉ विभागीय अधिकारी बैंक एवं उनके मंशा अनुरूप आजीविका कार्यों को फार्म भराकर उन्हें आजीविका उपलब्ध कराने के लिए ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकरियों को निर्देशित किया कि जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर किसी भी प्रकार के शासकिय कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, तो जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से बताएं। साथ ही विभागीय सामग्रियों का वितरण भी जनप्रतिनिधियों को कराएं। उन्होंने आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने, हस्तशिल्प, मसाला प्रसंस्करण, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मशरूम उत्पादन तथा अन्य स्वरोजगार गतिविधियों का विस्तार एवं उनके लिए बाजार उपलब्ध कराने को कहा।

# दो अलग-अलग दुष्कर्म मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजे गए

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

जशपुरः पुलिस ने महिलाओं और नाबालिगों के विरुद्ध अपराध के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है. दोनों मामले कुनकुरी और तपकरा थाना क्षेत्र के हैं. एक मामले में विधवा महिला को शादी का झांसा देकर वर्षों तक दैहिक शोषण किए जाने का आरोप है, जबकि दूसरे मामले में 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है.




### पहला मामला

पुलिस ने बताया कि कुनकुरी थाना क्षेत्र की 27 वर्षीय महिला ने 1 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी. महिला ने बताया था कि उसकी शादी साल 2015 में हुई थी. उसके दो बच्चे हैं. साल 2018 में पति की मृत्यु के बाद वह अपने मायके में रह रही थी. साल 2021 में एक पारिवारिक विवाह समारोह के दौरान उसकी मुलाकात 30 वर्षीय युवक से हुई. दोनों के बीच बातचीत और मेलजोल बढ़ा, जिसके बाद आरोपी ने शादी का झांसा देकर साल 2024 से महिला का दैहिक शोषण करना शुरू कर दिया. इस दौरान महिला गर्भवती हुई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया. महिला का आरोप है कि बच्चे के जन्म के बाद भी आरोपी लगातार शादी का आश्वासन देता रहा, लेकिन अब उसने विवाह से साफ इनकार कर दिया. महिला की शिकायत पर कुनकुरी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया.

### मेला दिखाने के बहाने नाबालिग का दुष्कर्म

तपकरा थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 जुलाई को उनकी बेटी घर से बिना बताए चली गई थी. 1 अगस्त को वह वापस लौटी और उसने बताया कि उसके परिचित 19 साल का युवक उसे मेला दिखाने के बहाने मोटरसाइकिल से अपने साथ ले गया. आरोपी ने प्रेम और शादी का झांसा देकर उसे अपने घर में तीन दिन तक रखा. इस दौरान उसका दैहिक शोषण किया. बाद में आरोपी ने बालिका को उसके घर के पास छोड़ दिया. पीड़िता के बयान के आधार पर तपकरा पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2), 64(2)(), 65(1), 87 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 5 और 6 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया. पूछताछ में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया. पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बाइक भी जब्त कर ली है. एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने बताया कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों के प्रति जशपुर पुलिस पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्रवाई कर रही है. कुनकुरी और तपकरा थाना क्षेत्र के दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है. ऐसे जघन्य अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी.

## सम्पादकीय

# नशामुक्त युवा विकसित भारत की मजबूत नींव

नशा किसी एक व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद करने वाला अभिशाप भर नहीं है, यह समाज और राष्ट्र की ताकत को भीतर से कमजोर करने वाला गंभीर खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत करते हुए ड्रग्स की सप्लाई को दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा बताया है। उनका यह बयान नशे की समस्या को केवल स्वास्थ्य या कानून-व्यवस्था के सवाल से आगे ले जाकर राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ता है। यदि किसी देश के युवाओं को सुनियोजित तरीके से नशे की गिरफ्त में धकेलने की कोशिश होती है तो उसका मुकाबला भी उतनी ही गंभीरता और रणनीति के साथ करना होगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास, आधुनिक तकनीक और मजबूत बुनियादी ढांचे से पूरा नहीं होगा। इसकी सबसे मजबूत नींव देश का स्वस्थ, शिक्षित, सक्षम और नशामुक्त युवा होगा। नशा युवाओं के सपनों पर सबसे पहले हमला करता है। जिस उम्र में युवा शिक्षा हासिल कर सकता है, हुनर विकसित कर सकता है, खेल में आगे बढ़ सकता है या अपना कारोबार शुरू कर सकता है, उसी उम्र में नशे की गिरफ्त उसका भविष्य रोक सकती है। नशा कुछ समय के लिए मानसिक उत्तेजना या राहत का भ्रम दे सकता है, लेकिन इसकी कीमत स्वास्थ्य, पैसा, रिश्तों और करियर से चुकानी पड़ती है। प्रधानमंत्री ने ड्रग्स की सप्लाई को दुश्मन देशों की आतंकी साजिश से जोड़ते हुए जिस खतरे की ओर संकेत किया है, उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। यदि नशीले पदार्थों की तस्करी के पीछे संगठित अपराध और देशविरोधी नेटवर्क सक्रिय हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई केवल कानून-व्यवस्था का अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की लड़ाई भी है। ड्रग्स के उत्पादन, तस्करी और वितरण से जुड़े पूरे नेटवर्क को तोड़ना होगा। सीमाओं से लेकर शहरों और गांवों तक पहुंच चुकी सप्लाई चेन पर लगातार और प्रभावी निगरानी जरूरी है। हालांकि केवल तस्करों पर कार्रवाई से नशे की समस्या खत्म नहीं होगी। जितनी जरूरी सप्लाई रोकना है, उतना ही जरूरी नशे की मांग को कम करना भी है। इसके लिए परिवारों, स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा। युवाओं को नशे के नुकसान के बारे में केवल भाषण देने से बात नहीं बनेगी। उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के ठोस अवसर देने होंगे। खेल के मैदान, कौशल विकास, रोजगार, स्टार्टअप, कला, संगीत और रचनात्मक गतिविधियां युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा दे सकती हैं। इसी दृष्टि से अगले 100 सप्ताह तक हर रविवार नशामुक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की पहल को जनभागीदारी से जोड़ना जरूरी है। किसी अभियान की सफलता केवल शपथ लेने या कार्यक्रम आयोजित करने से नहीं मापी जा सकती। असली सफलता तब होगी, जब नशे की उपलब्धता घटे, युवाओं में जागरूकता बढ़े और नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को समय पर उपचार और पुनर्वास मिले। नशामुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब सरकार की सख्ती और समाज की संवेदनशीलता साथ चलें। तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो, लेकिन युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा, खेल, रोजगार और स्वस्थ मनोरंजन के रास्ते भी खुलें। परिवार बच्चों से संवाद बढ़ाएं और शिक्षण संस्थान केवल परीक्षा परिणाम नहीं, विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक विकास पर भी ध्यान दें। नशामुक्त युवा ही स्वस्थ समाज की ताकत और विकसित भारत की सबसे मजबूत नींव हैं।



**राष्ट्रमंडल खेल**
महेन्द्र तिवारी

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों ने ठीक ऐसा ही एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। जब रिंग में भारत के मुक्केबाज उतर रहे थे तो उनके चेहरों पर एक अलग ही आत्मविश्वास और आंखों में जीत की अचूक चमक थी। यह चमक केवल एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं थी, बल्कि इसके पीछे सालों का पसीना, अनगिनत संघर्ष और वैश्विक पटल पर खुद को साबित करने की अदम्य इच्छाशक्ति छिपी थी। भारतीय दल ने इस बार बॉक्सिंग इवेंट के दस फाइनल मुकाबलों में हिस्सा लिया और सभी दस में पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि भारतीय मुक्केबाजी अब एक नए मुकाम पर पहुंच चुकी है। सात स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतना कोई सामान्य बात नहीं है।

# भारतीय बॉक्सिंग में सुनहरा अध्याय

खेलों की दुनिया में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो इतिहास के पन्नों पर हमेशा के लिए स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो जाते हैं। ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय मुक्केबाजों ने ठीक ऐसा ही एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। जब रिंग में भारत के मुक्केबाज उतर रहे थे तो उनके चेहरों पर एक अलग ही आत्मविश्वास और आंखों में जीत की अचूक चमक थी। यह चमक केवल एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं थी, बल्कि इसके पीछे सालों का पसीना, अनगिनत संघर्ष और वैश्विक पटल पर खुद को साबित करने की अदम्य इच्छाशक्ति छिपी थी।

भारतीय दल ने इस बार बॉक्सिंग इवेंट के दस फाइनल मुकाबलों में हिस्सा लिया और सभी दस में पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि भारतीय मुक्केबाजी अब एक नए मुकाम पर पहुंच चुकी है। सात स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतना कोई सामान्य बात नहीं है। यह राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में भारत का अब तक का सबसे बेहतरीन मुक्केबाजी प्रदर्शन है जिसने देश का सिर फक्र से ऊंचा कर दिया है। इस ऐतिहासिक सफलता को केवल पदकों की संख्या से नहीं आंका जा सकता है। इसके पीछे भारत के छोटे शहरों, गांवों और कस्बों से निकलकर आई उन प्रतिभाओं की कहानी है जिन्होंने तमाम अभावों के बावजूद अपने सपनों को मरने नहीं दिया। जब हम मुक्केबाजी की बात करते हैं तो हरियाणा के भिवानी और रोहतक जैसे शहरों का जिक्र आना स्वाभाविक है, लेकिन इस बार पदक विजेताओं की सूची इस बात की गवाही देती है कि अब खेल का यह जुनून पूरे देश में फैल चुका है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की दूरदर्शी नीतियां, सरकार का निरंतर समर्थन और प्रशिक्षकों की दिन-रात की मेहनत ने मिलकर एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार किया है जहां अब केवल हिस्सा लेने के लिए नहीं, बल्कि जीतने के लिए खिलाड़ी रिंग में उतरते हैं। इस बार का प्रदर्शन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भारतीय मुक्केबाज अब तकनीकी और शारीरिक दोनों ही मोर्चों पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को धूल चटाने का माद्दा रखते हैं। इस अभूतपूर्व सफलता में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली बात भारतीय महिला मुक्केबाजों का दबदबा रहा है। महिला वर्ग में भारत ने पांच अलग-अलग भार वर्गों में सीधे स्वर्ण पदक अपने नाम किए जो महिला सशक्तिकरण की एक जीती जागती मिसाल है। 51 किलोग्राम भार वर्ग में साक्षी चौधरी, 54 किलोग्राम में प्रीति पवार, 57 किलोग्राम में जैस्मिन लंबोरिया, 60 किलोग्राम में प्रिया घणघस और 70 किलोग्राम भार वर्ग में अरुंधति चौधरी ने जिस आक्रामकता और तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया उसने पूरी दुनिया के खेल पंडितों को चकित कर दिया। इन महिला खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि भारतीय बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। उनके घूंसे केवल विरोधी खिलाड़ियों पर ही नहीं पड़े, बल्कि समाज की उस रूढ़िवादी सोच पर भी पड़े हैं जो लड़कियों को चारदीवारी में सीमित रखना चाहती है। रिंग के अंदर उनकी फुर्ती, सटीक फुटवर्क और सही समय पर पंच मारने की कला ने उन्हें अजेय बना दिया। यह जीत भारत की हर उस युवा लड़की के लिए एक प्रेरणा है, जो अपने लिए एक बड़ा सपना देखने की हिम्मत जुटा रही है। पुरुष वर्ग में भी भारतीय मुक्केबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन



से पदकों की झड़ी लगा दी। साठ किलोग्राम भार वर्ग में सचिन सिवाच और अस्सी किलोग्राम भार वर्ग में अंकुश पंघाल ने स्वर्ण पदक जीतकर यह संदेश दिया कि भारतीय पुरुष मुक्केबाजी का भविष्य अत्यंत सुरक्षित और उज्ज्वल है। इन दोनों युवा खिलाड़ियों ने रिंग में जिस संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाया, वह देखने लायक था। उन्होंने अपने विरोधियों को कोई मौका नहीं दिया और अपनी अचूक रणनीतियों से मुकाबलों को एकतरफा बना दिया। इसके अलावा, 55 किलोग्राम में जदुमणि सिंह और नब्बे प्लस किलोग्राम भार वर्ग में नरेंद्र बेरवाल ने भी रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। यह रजत पदक भी सोने से कम नहीं हैं क्योंकि उन्होंने फाइनल तक के सफर में दुनिया के कई दिग्गज मुक्केबाजों को मात दी थी। उनका यह प्रदर्शन आने वाले विश्व कप और ओलंपिक जैसे बड़े आयोजनों के लिए एक मजबूत नींव का काम करेगा। अनुभवी खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी इस दल की एक बड़ी ताकत रहा। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने 75 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर अपनी निरंतरता साबित की। खेल में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और कई बार फाइनल मुकाबले बहुत ही करीबी अंतर से छूट जाते हैं, लेकिन लवलीना का पोडियम तक पहुंचना यह बताता है कि उनके अंदर अभी भी खेल के प्रति वही पुरानी आग बाकी है। उनकी उपस्थिति मात्र से ही युवा खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिला होगा। एक वरिष्ठ खिलाड़ी के रूप में उन्होंने पूरे दल का मार्गदर्शन किया और उनका यह अनुभव भविष्य की प्रतियोगिताओं में भारत के लिए बहुत उपयोगी साबित होने वाला है। इस जीत के पीछे के विज्ञान और तकनीकी पहलुओं को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

आज के दौर में मुक्केबाजी केवल ताकत का खेल नहीं रह गया है। यह दिमाग, तकनीक, स्पोर्ट्स साइंस और वीडियो एनालिटिक्स का एक जटिल मिश्रण बन चुका है। भारतीय मुक्केबाजों की इस सफलता के पीछे उनके कोच और सपोर्ट स्टाफ का एक बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने हर विरोधी खिलाड़ी की कमजोरियों का बारीकी से अध्ययन किया और उसी के अनुसार रणनीतियां बनाईं। खिलाड़ियों की डाइट से लेकर उनकी मानसिक सेहत तक हर छोटी-छोटी बात का ख्याल रखा गया। हाल ही में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा जो भारी भरकम बजट आवंटित किया गया है, उसका असर अब जमीन पर दिखने लगा है। जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने की जो मुहिम शुरू की गई थी, वह अब वटवृक्ष का रूप ले रही है। जब किसी एथलीट को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलती हैं तो उसका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है और यही आत्मविश्वास हमें ग्लासगो के बॉक्सिंग अरीना में देखने को मिला। राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी के इस स्वर्णिम प्रदर्शन ने भारत की समग्र पदक तालिका में भी एक बड़ा उछाल ला दिया है। इसके कारण भारत अंक तालिका में शीर्ष देशों की कतार में मजबूती से खड़ा हो गया है। एक समय था जब भारत केवल शूटिंग या कुश्ती जैसे कुछ गिने-चुने खेलों पर ही पदकों के लिए निर्भर रहता था, लेकिन अब मुक्केबाजी ने भी खुद को एक प्रमुख खेल के रूप में स्थापित कर लिया है। यह बदलाव रातोंरात नहीं आया है। वर्ष दो हजार अठारह के गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे, जो उस समय तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। लेकिन अब उस रिकॉर्ड को तोड़ते हुए दस पदक और उनमें भी सात स्वर्ण जीतना एक बहुत बड़ी छलांग है। भारतीय मुक्केबाजी का यह स्वर्णिम युग अभी बस शुरू ही हुआ है और आने वाले समय में यह खेल दुनिया भर में भारत का नाम और भी रोशन करेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मुद्दा

लक्ष्मण सिंह



# नई शिक्षा नीति पर सरकार एक बार फिर से करे विचार

पंचायत राज का विधेयक 1993 में कांग्रेस शासन काल में 73 वें संशोधन के पश्चात संसद में पारित हुआ। सपना स्वर्गीय राजीव का था महिलाओं को 33 % आरक्षण देना। यह एक साहसपूर्ण कदम था। और महिलाओं की इन संस्थाओं में भागीदारी की शुरुआत हुई। इस व्यवस्था का कई राज्यों में गुप्त विरोध हुआ और चुनी हुई महिला सरपंचों के स्थान पर उनके पति बैठकों में जाने लगे और उन्हें अनुमति भी कई वर्षों तक अधिकारी देते रहे जो पूर्णतः प्रजातंत्र का अपमान था और दंडनीय अपराध भी था! इस व्यवस्था को बदनाम करने के लिए ऐसे तत्वों ने जो महिला विरोधी थे, अधिकारियों के साथ मिलकर खूब भ्रष्टाचार किया जिसे अन्य पार्टियों ने भी अनदेखा किया। नगर पालिकाओं में भी यही हाल है! कई शहरों में दूषित पानी पिलाया जा रहा है और कई लोग तो दूषित पानी पीने से मर भी गए हैं! शहरों में सबसे बड़ा घोटाला पेयजल और सीवर की पाइपलाइन बिछाने में होता है जिसकी जांच की रिपोर्ट आज तक विधान सभा में नहीं रखी गई क्योंकि विधान सभा को चलने नहीं दिया जाता है और मैं अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि सभी राजनीतिक दल इस भ्रष्टाचार को दबाने में मिल जाते हैं, जो इन मामलों को उठाते हैं , उन्हें या तो टिकट अगले चुनाव में नहीं दिया जाता या उन्हें सभी दल मिलकर हरवा देते हैं!देश की विधान सभाओं का विश्लेषण किया जाए तो अधिकतर विधान सभा के सत्र शोर शराबे के कारण स्थगित किए जाते हैं, आंकड़े इसका प्रमाण हैं! शोर शराबे की आवश्यकता ही नहीं है क्योंकि सबको बोलने का समय दिया जाता है परंतु अधिकतर विधायक बोलने के स्थान पर शोर मचाना ज्यादा पसंद करते हैं।

संसद का विश्लेषण हम करें तो स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां देश के प्रधानमंत्री को हजारों बार गाली दी गई है विपक्षी दलों द्वारा जिसका उल्लेख स्वयं प्रधानमंत्री कर चुके हैं, यह अति निंदनीय है! विपक्ष में इंदिराजी, राजीवजी, अटलजी जैसे नेता हुए हैं इन्हें उनसे सीखना चाहिए जिन्होंने कभी भी संसदीय मर्यादा या भाषा का उल्लंघन नहीं किया, कम से कम वर्तमान नेता प्रतिपक्ष उनसे ही कुछ सीखें जिनकी पहचान ही इंदिराजी और राजीवजी से है! अभी कुछ दिन पहले हमने संसद, जंतर मंतर पर छात्रों द्वारा प्रदर्शन देखा जिसे बाद में असामाजिक तत्वों द्वारा हथिया लिया गया और दुर्भाग्यवश विपक्ष भी उस हिंसा का भागीदार बन गया और एक निम्न स्तर की राजनीति होने लगी।

जब हिंसा कोई करेगा तो पुलिस बल प्रयोग करती है और कई निर्दोष छात्रों को और सुरक्षा कर्मियों को चोटें भी आईं जो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण हुआ। पेपर लीक कई बार हुआ है, कांग्रेस के समय भी हुआ है और आगे भी होने की पूर्ण संभावना है, क्योंकि शिक्षा प्रणाली में बहुत अंतर है और समान और अत्यंत महंगी शिक्षा होने के कारण छात्रों को न्याय नहीं मिलता है क्योंकि नीट परीक्षा में जो अधिक नंबर लाते हैं वो अधिकतर अमीर घर के बच्चे होते हैं, बहुत कम ऐसे बच्चे होते हैं जो इस कठिन और अनावश्यक परीक्षा में अधिक नंबर ला पाते हैं।

अनावश्यक इसलिए कह रहा हूं कि जब यह नीट परीक्षा नहीं होती थी तब भी डॉक्टर, इंजीनियर या अन्य क्षेत्र में अपना नाम कमाते थे। यह केवल मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा प्रणाली या देश की अर्थ व्यवस्था में भागीदारी से वंचित करने का षडयंत्र है जिसे प्रधानमंत्री नहीं समझ पा रहे हैं और विपक्षी दलों को एक घटिया राजनीति करने का अवसर दे रहे हैं। भविष्य में ऐसी स्थिति नहीं बने इसके लिए केंद्र शासन को एक नई शिक्षा नीति शीघ्र बनाने की आवश्यकता है जिसमें शिक्षा में सभी वर्ग के छात्रों की भागीदारी रहे और सबका राष्ट्र निर्माण में सहयोग रहे।

छात्रों से भी यही कहूंगा कि कानून का सम्मान करना सीखो। शहीदों का सम्मान करना सीखो और जो देश को बांटने का नारा लगाते हैं उन तत्वों से दूर रहो, तभी हम एक महान भारत का निर्माण कर पाएंगे और सभी को शिक्षा और रोजगार दे पाएंगे, सुरक्षा बलों पर हमला कर और उन्हें घायल कर के नहीं। जनप्रतिनिधि भी अपने आचरण और व्यवहार बदलें, बच्चे आपको देख कर भी बहुत कुछ सीखते हैं। बच्चों देश को तुमसे उम्मीद है क्योंकि तुम देश का भविष्य हो, तुम अपने आप को बदल सकते हो नेताओं से जनता को बहुत कम उमीद है कि वो बदलेंगे, नेता जो जैसे हैं वैसे ही रहेंगे।

(लेखक पूर्व सांसद हैं)

## डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल का आज जन्मदिवस

# उन्होंने राजनीति को सेवा, संवेदना और संवाद से जोड़ा

क छ लोग पद प्राप्त करते हैं, कुछ लोग प्रतिष्ठा, किंतु विरले निर्णय हों या जनसरोकार के प्रश्न, वे संवाद से समाधान खोजने में उन्होंने ऊर्जा, पर्यावरण, वन, उद्योग, खनिज, आवास, जनसंपर्क



ताहिर अली

कुछ ही ऐसे होते हैं जो विश्वास अर्जित करते हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ऐसे ही जननेता हैं, जिनकी पहचान केवल एक जनप्रतिनिधि या मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में स्थापित हुई है, जिसने राजनीति को सेवा, संवाद और संवेदना के साथ जोड़ा। रीवा की पावन धरती से आरंभ हुई उनकी सार्वजनिक यात्रा मध्यप्रदेश के विकास विमर्श का एक महत्वपूर्ण अध्याय बन चुकी है। पांच बार लगातार विधानसभा के लिए निर्वाचित होना मात्र राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता द्वारा व्यक्त उस अटूट विश्वास का प्रमाण है, जो वर्षों की निरंतर उपलब्धता, पारदर्शिता और जनसरोकारों से अर्जित होता है। शुक्ल का व्यक्तित्व आडंबर से दूर और व्यवहार से निकट है। वे अपनी बात को स्पष्ट शब्दों में रखने के लिए जाने जाते हैं। कठिन प्रशासनिक विश्वास रखते हैं। कार्यकर्ताओं के लिए वे आत्मीय 'राजेंद्र भैया' हैं



और प्रशासनिक अधिकारियों के लिए अनुशासन, पारदर्शिता तथा उत्तरदायित्व के पक्षधर मार्गदर्शक। यही कारण है कि उन्होंने राजनीति और प्रशासन के बीच विश्वास का एक स्वस्थ वातावरण निर्मित किया। शुक्ल का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, सुशासन और राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण सदैव प्रेरणास्पद रहा है। वे लोगों की बातें सुनते हैं, समस्याओं को समझते हैं और समाधान खोजने की दिशा में सदैव सक्रिय रहते हैं। स्पष्टवादिता उनके स्वभाव का अभिन्न अंग है। सहित अनेक विभागों की जिम्मेदारी संभाली। प्रत्येक दायित्व में उनकी सोच केवल तात्कालिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि दीर्घकालिक परिवर्तन पर केन्द्रित रही। ऊर्जा क्षेत्र में 'अटल ज्योति अभियान' के माध्यम से प्रदेश में निर्बाध विद्युत व्यवस्था की दिशा में किए गए प्रयास आज भी उल्लेखनीय माने जाते हैं। रीवा का विशाल सौर ऊर्जा परियोजना इस बात का उदाहरण है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं। उन्होंने यह भी सिद्ध किया कि किसी क्षेत्र का विकास केवल भवनों और सड़कों से नहीं होता उसके इतिहास, संस्कृति और जनभावनाओं को सम्मान देना भी उतना ही आवश्यक है। सफेद बाघ को उसके प्राकृतिक क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास इसी संवेदनशील सोच का परिचायक रहा।

(लेखक जनसंपर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

## सटाका




## आज की पाती

### डिजिटल तकनीक का करें सही उपयोग

आज बच्चों के सामने सबसे बड़ा खतरा केवल इंटरनेट का बढ़ता उपयोग नहीं, बल्कि उसका अनियंत्रित और असुरक्षित उपयोग है। डिजिटल तकनीक ने शिक्षा, ज्ञान और संवाद के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही बच्चों का बचपन साइबर खतरों की गिरफ्त में आता जा रहा है। मोबाइल स्क्रीन पर बीतने वाला बढ़ता समय उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। डिजिटल युग से बच्चों को दूर रखना समाधान नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना सबसे बड़ी आवश्यकता है। सरकार, तकनीकी कंपनियां, विद्यालय, अभिभावक और समाज यदि मिलकर प्रयास करें, तो ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जहां बच्चे इंटरनेट के उपभोक्ता नहीं, बल्कि सुरक्षित, जागरूक, सम्मानित और सशक्त नागरिक बनकर देश के भविष्य को नई दिशा दें। – *मनीता खोखर, रोहतक*

## करंट अफेयर

### एम्स्टर्डम में आयोजित प्राइस बोट परेड में पीएम हुए शामिल

नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में शनिवार को 'प्राइड बोट परेड' आयोजित किया गया जिसे देखने के लिए शहर की मुख्य नहर के किनारे हजारों लोग जमा हुए। यह आयोजन ऐसे समय हुआ, जब ठीक एक सप्ताह पहले जर्मनी के बर्लिन में प्राइड कार्यक्रम पर जानलेवा हमला हुआ था। सफेद शर्ट, काले लाइफ जैकेट और सुनहरे आभूषण पहने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटन रंग-बिरंगी 80 नौकाओं की परेड में एक छोटी नाव पर सवार हुए थे और लोगों का अभिवादन किया। जेटन ने सार्वजनिक रूप से स्वयं के समलैंगिक होने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम बर्लिन में हुए हमले के महज एक सप्ताह बाद आयोजित किया गया। उस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 29 अन्य घायल हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, बर्लिन में संदिग्ध अब्दुल बल्लौत ने 'एलजीबीटीक्यू+' समुदाय के प्राइड महोत्सव के दौरान भीड़ को वैन से रौंद दिया था और बाद में कथित तौर पर दाव से कई लोगों पर हमला किया था। अधिकारियों का मानना है कि यह इस्लामी चरमपंथ से प्रेरित हमला था। रविवार को शहर के बाहरी इलाके में पुलिस के साथ मुठभेड़ में बल्लौत मारा गया। बर्लिन हमले के मद्देनजर एम्स्टर्डम में प्राइड बोड परेड के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए थे।



## ऑफ बीट

### प्रकृति के बीच बिताएं कुछ पल मानसिक स्वास्थ्य रहेगा बेहतर

आज की कामकाजी जिंदगी का अधिकांश हिस्सा चारदीवारी के भीतर गुजरता है। घंटों का सफर, लगातार बैठकें और कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बीतता दिन– इन सबके बीच प्रकृति के लिए समय निकालना किसी विलासिता जैसा लगने लगता है। कई लोगों को लगता है कि प्रकृति का आनंद तभी मिलता है, जब लंबी छुट्टी लेकर पहाड़ों पर 'ट्रैकिंग' की जाए या जंगलों में 'कैंप' लगाया जाए। लेकिन अब शोध कुछ और ही कहानी कहते हैं। वे बताते हैं कि प्रकृति का लाभ उठाने के लिए किसी रोमांचक यात्रा पर जाना जरूरी नहीं है। घर या दफ्तर के आसपास मौजूद किसी पार्क या हरियाली के बीच रोज कुछ मिनट बिताना भी तनाव कम करने, मन को शांत रखने और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के लिए काफी हो सकता है। साल 2026 की वसंत ऋतु में मुझे डेनमार्क में शहरी परिदृश्य के बारे में पढ़ाने और उनका अध्ययन करने का अवसर मिला। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में गिने जाने वाले डेनमार्क से मुझे पहले से ही सुंदर पार्क, खुले आंगनों और साइकिल चलाने के लिए बने रास्तों की उम्मीद थी। वहां यह सब तो मिला ही, लेकिन जिसने सबसे ज्यादा प्रभावित किया, वह यह था कि लोग इन हरित स्थानों का इस्तेमाल अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का स्वाभाविक हिस्सा मानते हैं।



## X ट्रेंड f

### जयंती पर श्रद्धांजलि

पिंगली वेंकय्या को उनकी 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि। उन्हें हमारे देश को तिरंगा देने में उनकी अमूल्य भूमिका के लिए याद किया जाता है। उनकी कोशिशें लोगों को देशसेवा करने के लिए प्रेरित करती रहें।
**-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री



### कॉमनवेल्थ गेम्स

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर, गुलवीर सिंह 5000 मीटर और 10000 मीटर दोनों इवेंट्स में कॉमनवेल्थ पोडियम पर जगह बनाने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए हैं। उम्मीद है कि आगे भी आप कई यादगार जीत हासिल करेंगे।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली



### जर्सी का रंग

भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग बदलने का फैसला सिर्फ खेल से जुड़ा मामला नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की भावनाओं और हमारी खेल परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। आज इस ऐतिहासिक पहचान को बदलने की ज़रूरत क्यों महसूस की गई।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस



### इथेनॉल का आयात

सिर्फ ट्रंप को खुश करने के लिए मोदी जी हमारे देश पर ज़बरदस्ती इथेनॉल थोप रहे हैं। अमेरिका दुनिया में इथेनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक है। ई 20 लागू होने के बाद, भारत पिछले साल के मुकाबले अमेरिका से 5 गुना ज्यादा इथेनॉल आयात करेगा।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली





# लोकसभा में सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास, राज्यसभा में एमएसएमई संशोधन बिल को अनुमति

लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया

विपक्ष का अध्यादेश लाने के खिलाफ प्रस्ताव खारिज

लोकसभा में 2 और राज्यसभा में 1 विधेयक पेश हुआ


लोकसभा में हंगामा करते विपक्षी दल के सांसद

### अभी तक 2 बिल पास

सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित होने से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंककार बही साक्ष्य विधेयक पेश किया। वहीं, राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक पेश किया। संसद के मौजूदा सत्र में 8 बिल सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें से वंदे मातरम और पब्लिक एग्जामिनेशन संशोधन बिल (पेपर लीक) दोनों सदनों में पास हो चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट (जजों की संख्या) संशोधन बिल लोकसभा में और एमएसएमई विकास (संशोधन) बिल राज्यसभा में पास हुआ है। 4 और बिल को संसद की मंजूरी मिलनी बाकी है।

### मतदाताओं का अपमान कर रहे पीएमः खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी पर संसद की कार्यवाही में हिस्सा



नहीं लेकर संसद तथा मतदाताओं का अपमान करने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्ष का विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक पीएम नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर संसद में बयान नहीं दे देते। या तो वह (मोदी) सामना करने से डरते हैं या फिर उन्हें संसद का कोई सम्मान नहीं है।

### अमित शाह के बयान की मांग

विपक्षी सांसदों ने प्रश्नकाल शुरू होते ही नीट पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह के सदन आने और उनके बयान की मांग करते हुए नारे लगाए।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर 11वें दिन संसद में हंगामा कार्यवाही स्थगित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर मानसून सत्र के 11वें दिन लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही मंगलवार तक स्थगित कर गई है। इसके पहले लोकसभा ने सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या (सीजेआई सहित) 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी बिल बिना चर्चा के पास कर दिया। लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पेश किया। पीठासीन अधिकारी ने सदस्यों से वैधानिक प्रस्ताव पर बोलने का आग्रह किया, लेकिन नारेबाजी जारी रहने के कारण बिल को वोटिंग के लिए रखा गया और फिर पास कर दिया गया। विपक्ष के सदस्यों ने अध्यादेश लाने के खिलाफ एक वैधानिक प्रस्ताव पेश किया था, जिसे वॉइस वोट से खारिज कर दिया गया।

राज्यसभा ने सोमवार को विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित कर दिया। सदन में विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इसके बावजूद सरकार ने विधेयक को सदन से मंजूरी दिला दी। इसके बाद सदन की कार्रवाई मंगलवार तक स्थगित कर दी गई। यह विधेयक एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े प्रावधानों में संशोधन का रास्ता साफ करेगा। सरकार का कहना है कि इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा मिलेगा, जबकि विपक्ष ने विधेयक और सदन की कार्यवाही को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं।

### दलबदल विरोधी कानून पर हो चर्चाः तिवारी



कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया है। उन्होंने दलबदल विरोधी कानून पर चर्चा के लिए प्रश्नकाल, शून्यकाल और दिन के सभी सूचीबद्ध कामकाज को स्थगित करने की मांग की है।

### छात्रों से माफी मांगेंः घोष



टीएमसी सांसद सागरिका घोष ने कहा कि पीएम ने उन प्रदर्शनकारी बच्चों को माफ करने की बात कही, जिन्होंने कुछ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। असल में माफी पीएम और गृह मंत्री को मांगनी चाहिए।

### जीवन बीमा पॉलिसी छोड़ने वालों की संख्या बढ़ी

देश में जीवन बीमा पॉलिसी समय से पहले सरेंडर करने या बीच में छोड़ने का रुझान बढ़ा है। सरकार ने लोकसभा में बताया कि कुल बीमा लाभ भुगतान में सरेंडर और निकासी की हिस्सेदारी 2021-22 के 32 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 में 39 प्रतिशत हो गई है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि अब सरेंडर और निकासी का हिस्सा मैच्योरिटी लाभ से भी अधिक हो गया है।

### स्पीकर से मिले पप्पू यादव सुरक्षा की मांग की

पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हुए हमले की कोशिश के बाद लोकसभा स्पीकर से



मुलाकात की है। उन्होंने स्पीकर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की। पप्पू यादव ने कहा कि उन्हें विदेशों से भी फोन करके मारने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्पीकर की अनुमति के बिना उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पैलेट गन चलाने का आदेश किसका?ः रमेश

कांग्रेस ने पार्टी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री जानबूझकर लोकसभा



और राज्यसभा की कार्रवाई से दूर रह रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि छात्र आंदोलन के दौरान अपने मंत्रालय की कार्रवाई पर जवाबदेही से बचने के लिए उन्होंने यह रुख अपनाया है। पार्टी ने सवाल उठाया कि अगर सरकार इस तरह से संसद का अनादर करेगी, तो सदन का कामकाज कैसे चल पाएगा? कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की ओर से युवाओं पर की गई कार्रवाई को 14 दिन बीत चुके हैं।

## एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक आज


फाइल फोटो

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक 'मंगल मिलन' मंगलवार आयोजित की जाएगी। इसको लेकर भाजपा संसदीय दल की ओर से एक पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) संसदीय दल की बैठक, 'मंगल-मिलन', 4 अगस्त (मंगलवार) को सुबह 9.30 बजे संसद भवन ग्रन्थालय के जी.एमसी. बालायोगी सभागृह में आयोजित की जाएगी। बता दें, 21 जुलाई को 'मंगल मिलन' के तहत पहली बैठक आयोजित की गई थी।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै जिले में भीषण सड़क हादसे में चेन्नई के एक ही परिवार के पांच लोगों की



दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में एक 3 वर्षीय बच्ची भी शामिल है। हादसे में दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसा उस समय हुआ जब एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए सामने से आ रही दूसरी कार से जा टकराई।

### केरल में बारिश से अब तक 15 लोगों की मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। वहीं,



सात लोग अभी भी लापता हैं। सीएम वीडी सतीशन ने कहा कि सरकार ने राज्य भर में स्थिति की समीक्षा की है और पाया है कि पथानामथिट्टा के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर सभी जिलों में स्थिति नियंत्रण में है।

### मोहन भागवत 6 अगस्त को जेन-जी से करेंगे बात

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 6 अगस्त को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी



कल्चरल सेंटर में जेन-जी और जेन अल्फा के साथ सेशन करेंगे। यह कार्यक्रम भारत के 'इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस' की 15वीं वर्षगांठ और इसके सालाना चैंपियनशिप कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह के अवसर पर होगा।

### संरक्षक पद से हटाए गए भैयाजी जोशी

**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण के बाद ट्रस्ट और मंदिर प्रबंधन में बड़े



बदलावों का दौर जारी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी भैयाजी जोशी को राम मंदिर के 'पालक' (संरक्षक) पद की जिम्मेदारी से हटाए जाने की बात सामने आई है। कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

## 'लिव-इन रिलेशनशिप' मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# महिला के साथ क्रूरता करने वाले पुरुष के खिलाफ धारा 498ए के तहत होगा मुकदमा

अदालत ने स्पष्ट किया कि धारा 498ए केवल उन्हीं लिव-इन रिलेशनशिप पर लागू होगी, जो वास्तव में 'शादी जैसे रिश्ते' हों। यह सुरक्षा केवल दो सहमति से साथ रहने वाले बालिग व्यक्तियों के बीच बने रिश्तों पर ही लागू होगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498A का दायरा बढ़ाते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता से संबंधित यह प्रावधान उन लिव-इन रिलेशनशिप पर भी लागू होगा, जो 'शादी जैसे रिश्ते' की श्रेणी में आते हैं। न्यायालय के अनुसार, ऐसे मामलों में महिला के साथ क्रूरता करने वाले पुरुष के खिलाफ भी धारा 498A के तहत मुकदमा चलाया जा सकेगा। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने स्पष्ट किया कि धारा 498A केवल उन्हीं लिव-इन रिलेशनशिप पर लागू होगी, जो वास्तव में 'शादी जैसे रिश्ते' हों।

अदालत ने कहा कि ऐसे रिश्तों में विवाह करने का इरादा संबंध का एक महत्वपूर्ण तत्व होना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि यह सुरक्षा केवल दो सहमति से साथ रहने वाले बालिग व्यक्तियों के बीच बने रिश्तों पर ही लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि धारा 498ए की यह विस्तारित व्याख्या केवल इसी प्रावधान तक सीमित रहेगी। इसका प्रभाव भारतीय दंड संहिता या किसी अन्य कानून की किसी दूसरी धारा पर नहीं पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गिरफ्तारी और अन्य कानूनी कार्रवाई से जुड़े सभी सुरक्षा प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाएगा। यदि किसी 'शादी जैसे' लिव-इन रिलेशनशिप में महिला के साथ क्रूरता का आरोप लगाया जाता है, तो आरोपी व्यक्ति या उसके रिश्तेदार को बिना प्रारंभिक जांच के गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

### आरोपी व्यक्ति या उसके रिश्तेदार को बिना प्रारंभिक जांच के गिरफ्तार नहीं किया जाएगा

मामला 'शादी जैसे रिश्ते' की श्रेणी में आना जरूरी



### रिश्तों में कानूनी संरक्षण जरूरी

अदालत ने कहा कि कोई भी व्यक्ति यह सोचकर किसी रिश्ते में नहीं जाता कि उसके साथ भविष्य में क्रूरता होगी। जब दो लोग साथ जीवन शुरू करते हैं तो उनका उद्देश्य सुखद और सम्मान के साथ जीवन जीना होता है। लेकिन समय के साथ कुछ रिश्ते ऐसे मोड़ पर पहुंच जाते हैं, जहां कानूनी संरक्षण की जरूरत पड़ती है। इसलिए कानून में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त प्रावधान होना चाहिए। धारा 498ए के तहत सुरक्षा के मामले में 'विवाहित महिला' और 'शादी जैसे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला' के बीच अंतर करना घरेलू हिंसा रोकने के उद्देश्य से तार्किक नहीं है।

### पैदल चलने वालों को मिले जगह

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि देश में जहां भी सड़कें हैं, वहां पैदल चलने वालों के लिए अलग जगह तय होनी चाहिए। इस जगह पर किसी भी तरह का कब्जा नहीं होना चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार के वकील को इस संबंध में अधिकारियों को जरूरी निर्देश देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस काम के लिए किसी बड़े बजट या निर्माण की जरूरत नहीं है। सरकार रस्सी या किसी अन्य तरीके से भी पैदल चलने वालों के लिए रास्ता अलग कर सकती है। बस यह सुनिश्चित किया जाए कि गाड़ियां उस रास्ते में न आएं। कोर्ट ने केंद्र को इस पर कदम उठाने के लिए दो हफ्ते का समय दिया है।

### अभिषेक की याचिका पर जल्द करें फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट से तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बेनर्जी की उस लंबित याचिका पर जल्द सुनवाई कर फैसला करने को कहा, जिसमें उन्होंने आंख की विशेष चिकित्सा के लिए विदेश जाने की अनुमति मांगी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी। मोहन की पीठ ने अभिषेक बेनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई की।

### गाड़ी की नंबर प्लेट छिपाना धोखाधड़ी नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नंबर प्लेट छिपाना धोखाधड़ी नहीं है। कोर्ट ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि किसी व्यक्ति ने चालान भरने से बचने के लिए नंबर प्लेट छिपाई है। यह केवल पुलिस का अनुमान है। 28 जुलाई को एक मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यह जुर्माना लगाने का आधार हो सकता है, लेकिन इसे आईपीसी की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का अपराध नहीं माना जा सकता।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कावेरी जल विवाद

तमिलनाडु सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए



कर्नाटक सरकार को कावेरी नदी का निर्धारित जल छोड़ने का निर्देश देने की मांग की है। राज्य का आरोप है कि कर्नाटक ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) और कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के स्पष्ट आदेशों का पालन नहीं किया, जिससे तमिलनाडु को उसका तय जल हिस्सा नहीं मिल सका।

## कर्नाटक में कैबिनेट विस्तार


सीएम डीके शिवकुमार की उपस्थिति में राज्यपाल गेहलोत शपथ दिलाते हुए

# 19 ने ली शपथ, 11 नए चेहरे और पुराने 8 मंत्री भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार में 19 नए मंत्रियों को शामिल किया गया। सीएम डीके शिवकुमार ने पद संभालने के दो महीने बाद अपनी कैबिनेट का विस्तार करते हुए इसे पूरी क्षमता तक पहुंचाया। राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी के बाद बेंगलुरु के लोक भवन में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। शपथ लेने वालों में पीएम नरेंद्रस्वामी, शिवराज तंगदागी, रुद्रप्पा लमानी, केएस बसवंतप्पा, बी नागेंद्र, टी रघुमूर्ति, बीजेड जमीर अहमद खान, रिजवान अरशद, संतोष लाड, मधु बंगारप्पा, पुत्तुरांगशेट्टी, एसएस मल्लिकार्जुन, डॉ. अजय सिंह, एन चालुवरया स्वामी, केएम शिवालिंगे गौड़ा, एचसी बालकृष्ण, गायत्री शांथेगौड़ा, बसवराज, रायरेड्डी, विजयानंद कशप्पनवर और लक्ष्मण सावदी शामिल थे।

### 2 विधायकों ने दिया इस्तीफा

कांग्रेस आलाकमान ने कर्नाटक विधानसभा के नए स्पीकर के तौर पर जीएस पाटिल और डिप्टी स्पीकर के तौर पर एएस पोन्नान्ना के नाम को मंजूरी दी। सलीम अहमद को विधान परिषद का चेयरमैन और उमाश्री को डिप्टी चेयरपर्सन बनाया गया। कैबिनेट में जगह न मिलने के कारण कांग्रेस विधायक यशवंतरायगौडा वी पाटिल (इंडी) और बेलूर गोपालकृष्ण (सागर) ने इस्तीफा दिया।

### महिला विधायक गौडा को नहीं दिलाई गई शपथ


सूची में महिला विधायक गायत्री शान्ते गौडा का नाम था लेकिन उन्हें आज शपथ नहीं दिलाई गई। ऐसे में सीएम को मिलाकर कर्नाटक में 34 मंत्री बन सकते हैं। गायत्री शान्ते गौडा को शपथ न दिलाये जाने की वजह कानूनी है। 2021 के चिकमंगलूर लोकल अथॉरिटी क्षेत्र के लिए हुए विधान परिषद चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार प्राणेश को 6 वोट से विजयी घोषित किया गया था जिसे शान्ते गौडा ने हाईकोर्ट में चैलेंज किया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी गया और रीकाउंटिंग के आधार पर पिछले सप्ताह कोर्ट ने गायत्री को विजयी घोषित किया था लेकिन 6 साल के टर्म में फिलहाल अधिकांश समय बीत चुका है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक हाई कमान ने गायत्री का नाम क्लीयर कर दिया था लेकिन आखिरी मौके पर ली गई कानूनी सलाह के बाद फिलहाल उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया है।

## सीजेपी का बड़ा ऐलान

# नहीं बनाएंगे राजनीतिक दल, 5 अगस्त से दो दिन की बैठक होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी।



इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे। पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद सीजेपी देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि उन्हें बोस्टन यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और बाकी पैसों के लिए लोन लिया था, जो अभी चुकाना बाकी है। अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण छात्र विरोध प्रदर्शन में बाहरी लोगों ने घुसपैठ की थी, जिसके कारण 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान हिंसा हुई। उन्होंने दावा किया कि विरोध को बदनाम करने के लिए बाहर से लोग भेजे गए थे। इन लोगों की दिल्ली पुलिस के साथ मिलीभगत थी। विरोध प्रदर्शन के दौरान पत्थरबाजी और पुलिस कार्रवाई कैसे हो सकती है।

## ई20 ईंधन के खिलाफ युवा कांग्रेस का नागपुर में बड़ा प्रदर्शन

# गडकरी के घर का घेराव करने पहुंचे कार्यकर्ता पुलिस हिरासत में

## महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष ने मांगा गडकरी का इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ नागपुर

इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई20 के मुद्दे पर सोमवार को नागपुर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। यह मार्च नागपुर के महल इलाके में स्थित चिंतामणि पार्क चौक से शुरू हुआ और गडकरी के इसी इलाके में स्थित निजी आवास तक जाना था। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ई20 ईंधन को लेकर नारेबाजी की।


नागपुर में प्रदर्शन करते युवा कांग्रेस के नेता

### हमारी लड़ाई जारी रहेगी

यूथ कांग्रेस नेता मेहुल आडवाणी ने कहा कि हम हम पर थोपे जा रहे ई-20 का विरोध करते हैं। हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। विरोध कर रहे संगठनों का कहना है कि ई20 पेट्रोल से वाहनों के इंजन को नुकसान पहुंच रहा है और माइलेज में गिरावट आ रही है। विशेष रूप से पुराने वाहनों के लिए इसे हानिकारक बताया जा रहा है। यूथ कांग्रेस ने मांग की है कि ग्राहकों को बिना इथेनॉल वाले सामान्य पेट्रोल को भी खरीदने का स्पष्ट विकल्प मिलना चाहिए।

### ई20 बड़ा घोटालाः सपकाल



मुंबई में महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने गडकरी के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि ई20 पेट्रोल नीति को लागू करना एक बड़ा घोटाला है। कुछ खास लोगों को इससे फायदा पहुंचाया गया है।

### अफवाहों पर सख्त कार्रवाई

नागपुर साइबर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के खिलाफ ई20 पर भ्रामक जानकारी देने पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## आयुष सुरक्षा पोर्टल पर दर्ज होगी दवाओं की गुणवत्ता, दुष्प्रभाव और भ्रामक विज्ञापनों की जानकारी

रायपुर । भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा विकसित 'आयुष सुरक्षा पोर्टल' आयुष औषधियों की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पोर्टल आयुष औषधियों के उपयोग से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों की निगरानी, औषधियों की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों के संज्ञान तथा भ्रामक एवं आपत्तिजनक विज्ञापनों की रिपोर्टिंग के लिए एक पारदर्शी एवं सुलभ डिजिटल मंच उपलब्ध कराता है।

# हाथी के जबड़े के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। संगठित वन अपराध और वन्यजीव तस्करी पर रोक लगाने के लिए वन विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी अभियान के तहत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में हाथीदांत तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। 3 अगस्त को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (मध्य क्षेत्र, भोपाल), राज्य उड़न दस्ता रायपुर और वनमंडल बलरामपुर की संयुक्त टीम ने रामानुजगंज स्थित एक धर्मशाला में छापेमारी की।

### धर्मशाला के कमरे से तीन हाथीदांत (जबड़े) बरामद

संयुक्त टीम ने आमंत्रण धर्मशाला के कमरा नंबर 205 की तलाशी ली। जांच के दौरान एक बैग से हाथी के जबड़े के तीन हाथीदांत बरामद किए गए। मौके पर तीन संदिग्ध व्यक्ति भी मौजूद थे, जिन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया



गया। गिरफ्तार आरोपियों में झारखंड के पलामू जिले के संतोष कुमार विश्वकर्मा (42 वर्ष) तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के अजय कुमार गुप्ता (49 वर्ष) और सतेन्द्र कुमार (50 वर्ष) शामिल हैं।

### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई

आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। भारतीय जंगली हाथी अनुसूची-1 के तहत संरक्षित वन्य प्राणी है, इसलिए इस मामले को गंभीर वन अपराध माना गया है।

**छत्तीसगढ़ राजपत्र, दिनांक 15 जनवरी 2026**
**प्रारूप (एक)**
**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं सेवबती (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र / सुपुत्री/पत्नी कलेश्वर यादव, शहर / गाँव-कसाईसिरमा, सुसडेगा, सुरेशपुर, तहसील-पत्थलगांव जिला जशपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम-सेवबती (पुराना नाम) से बदल कर सेववती यादव (नया नाम) रख लिया है।

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका उमा देवी आ०/पति मुदिका प्रसाद सोनी जाति अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया निवासी नेहरू वार्ड सत्तीपारा है कि मोहल्ला-सत्तीपारा, शीट नम्बर-2 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 641/6, 641/7, 638/9 रकबा 0.04 1/2, 236.8, 0.04 1/4 एकड़ / वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 13/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका विष्णु प्रसाद अग्रवाल आ०/पति रामानंद अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला सदर रोड़, शीट नम्बर-11क नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3196/4817/39 रकबा 42.93 वर्गमीटर भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदंक/आवेदिका श्रीमती प्रभावती आ०/ पति शांति स्वरूप अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी भैयाथान, जिला सूरजपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-बाबूपारा, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467/4866/303 रकबा 1320 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 10/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती कामिनी अग्रवाल आ०/पति विष्णु प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला सदर रोड़, शीट नम्बर-11क नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3196/4817/45 रकबा 561 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ०ग०)**
**ईश्तहार**
**रा०प्र०क0 202605260100020/अ-19/25-26**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रभारी उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला सूरजपुर द्वारा अपने पत्र कं. 121 दिनांक 20.03.2026 के माध्यम से प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों की पुनर्गठन योजना 2025 के तहत जिले में 5 नवीन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का गठन किये जाने के फलस्वरूप ग्राम सावांरावां के नवीन समिति के कार्यालय सह गोदाम निर्माण हेतु ग्राम सांवारावां, तहसील भैयाथान स्थित भूमि खसरा नं0 141 रकबा 8.20 हे० भूमि का चयन कर कार्यालय उप आयुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं सूरजपुर के पक्ष में आबंटित करने का निवेदन किया गया है। अतः इसमें जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 10/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथी के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर व इस न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
भैयाथान, जिला-सूरजपुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रामप्यारी आ०/पति मोहरलाल यादव जाति निवासी दरीर्पारा, अम्बिकापुर. तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला दरीर्पारा, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4018/31 रकबा 609 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक / आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अंथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मुखलाल साहू आ०/पति चन्द्रिका साहू जाति, निवासी नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि नोहल्ला मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4133/2. 4134/2, 4133/3, 4133/4 रकबा 0.08 1/2, 0.01 1/2, 0.02, 0.02 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 13/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी

---

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०
रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025-26
ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनित जॉन आ.स्व. थोयोडोर जॉन, निवासी वार्ड नं. 43 दरीर्पारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा तदाशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक की माता जुग्गी कुजुर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ०पुर, मोहल्ला दरीर्पारा स्थित नजूल भूमि प्लॉट नंबर 3603/2, 3604/4 रकबा क्रमशः 0.006, 0.024 हे० भूमि है। आवेदकगण की माता जुग्गी कुजुर की मृत्यु दिनांक 16.11.2015 को एवं पिता थोयोडोर जॉन की मृत्यु दिनांक 29.09.2014 को हो गई है तत्पश्चात आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से अपनी माता का नाम विलोपित करते हुये स्वयं के नाम से फौती नामांतरण किये जाने हेतु मृत्तक जुग्गी कुजुर के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-19/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 04/08/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती कामिनी अग्रवाल आ०/ पति विष्णु प्रसाद अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी अग्रसेन वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला राम मंदिर मैदान, शीट नम्बर-11क नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3196/4813/136 रकबा 185 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3. 2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**रा०प्र०क० ब-121/2025-26**
**ग्राम - लाउ**
**तहसील राजपुर**
**ईश्तहार**

एत्द द्वारा सर्वसाधारण आम जनता लाउ को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुरुषोत्तम सांडिल्य आ० प्रेम सांडिलय जाति गोड़ निवासी ग्राम लाउ थाना राजपुर तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा अपने पिता स्व. प्रेम सांडिल्य, आ० विक्रम सांडिल्य मृत्यु दिनाँक 21.09.2023 को हुआ है। किन्तु मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथि 19/08/2026 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई >विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक.. 23/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी
राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज

---

# मचान विधि से बदली किस्मतः घुटरा की विमला दीदी बनीं महिला किसानों के लिए प्रेरणा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**रायपुर।** कभी पारंपरिक खेती तक सीमित रहने वाली मनेन्द्रगढ़ जिले के ग्राम घुटरा की विमला दीदी आज वैज्ञानिक खेती की मिसाल बन चुकी हैं। इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (आईएफसी) के सहयोग से उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर न केवल अपनी खेती को अधिक लाभकारी बनाया, बल्कि आसपास की महिला किसानों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। आईएफसी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से विमला दीदी सहित महिला किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मचान विधि से बरबटी की खेती करने की तकनीक सिखाई गई। इस वैज्ञानिक पद्धति को अपनाने के बाद उनकी खेती में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला।

मचान विधि के कारण बरबटी की बेलों को पर्याप्त सहारा मिला, जिससे पौधों का विकास बेहतर हुआ। फसल को भरपूर धूप और वायु संचार मिलने से पौधे अधिक स्वस्थ रहे तथा रोग एवं कीटों का प्रकोप भी काफी कम हुआ। परिणामस्वरूप बरबटी की फलियां लंबी, आकर्षक और बेहतर गुणवत्ता वाली तैयार हुईं, जिससे बाजार में उनकी अच्छी मांग बनी। इस तकनीक का एक



बड़ा लाभ यह भी रहा कि फसल की तुड़ाई पहले की अपेक्षा अधिक आसान और सुविधाजनक हो गई। खेत में कार्य करने में समय और श्रम दोनों की बचत हुई, जबकि उत्पादन में वृद्धि होने से आर्थिक लाभ भी बढ़ा। बेहतर गुणवत्ता के कारण उत्पाद को उचित मूल्य मिला, जिससे विमला दीदी की आय में सकारात्मक बढ़ोतरी हुई।

विमला दीदी का कहना है कि आईएफसी द्वारा दिए गए प्रशिक्षण ने उनकी खेती करने का नजरिया बदल दिया। पहले जहां वे पारंपरिक तरीकों पर निर्भर थीं, वहीं अब वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन और बेहतर गुणवत्ता प्राप्त कर रही हैं। उनका मानना है कि यदि किसान नई तकनीकों को सीखकर अपनाएं, तो कम संसाधनों में भी बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। आज विमला दीदी की सफलता आसपास के गांवों की महिला किसानों के लिए प्रेरणा बन गई है। उनकी उपलब्धि यह साबित करती है कि सही प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर महिलाएं भी खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदल सकती हैं। इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर (आईएफसी) की यह पहल महिला किसानों को वैज्ञानिक खेती से जोड़ने, उनकी आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हो रही है। घुटरा की विमला दीदी की यह सफलता दशार्ती है कि आधुनिक तकनीक, मेहनत और सही मार्गदर्शन के साथ खेती में नई संभावनाओं के द्वार खोले जा सकते हैं।

---

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कोरिया, छत्तीसगढ़

**-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक /ESTB/23282/2026-TRIBAL KOR FRA SECESTB/ / निर्माण / आ०वि०/2026-27 कोरिया, दिनांक 31.07.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत 'द' श्रेणी या उससे ऊपर के ठेकेदारों से निम्नलिखित अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | आदिवासी कन्या आश्रम बुढ़ार में जीर्णोद्वार कार्य | बैकुण्ठपुर | 3.44 |
| 2 | आदिवासी कन्या आश्रम खाड़ा में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 3.00 |
| 3 | आदिवासी बालक आश्रम कटगोड़ी में जीर्णोद्धार कार्य | सोनहत | 3.62 |
| 4 | आदिवासी प्री.मै. बालक छात्रावास सारा में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 3.90 |
| 5 | आदिवासी प्री.मै. बालक छात्रावास सोनहत में जीर्णोद्धार कार्य | सोनहत | 3.06 |
| 6 | आदिवासी प्री.मै. कन्या छात्रावास बैकुण्ठपुर में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 2.00 |
| 7 | आदिवासी प्री.मै. बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 3.67 |
| 8 | अनु0जाति0 प्री.मै. कन्या छात्रावास बैकुण्ठपुर में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 2.49 |
| 9 | आदिवासी प्री.मै. बालक छात्रावास बैकुण्ठपुर में जीर्णोद्धार कार्य | बैकुण्ठपुर | 1.40 |
| | योगः— | | 26.58 |

1. निविदा हेतु आवेदन प्रस्तुत करने का दिनांक-20/08/2026 तक सांय 05:00 बजे तक
2. चालान की प्रति जमा करने का दिनांक - 21/08/2026
3. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का दिनांक - 24/08/2026
4. निविदा प्रपत्र जमा करने का दिनांक - 27/08/2026
5. निविदा प्रपत्र खोलने का दिनांक - 31/08/2026 दोपहर 12:00 बजे से

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया, के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र मूल्य सरल क्रमांक 6 एवं 9 का मूल्य 300-00 एवं शेष कार्यों का मूल्य 750-00 देय होगा।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास कोरिया**

जी 262702523/1

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-ब-121/2025-26**
**ईश्तहार**

एत्तद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक खुशी राम अग्रवाल आ० स्व० रामस्वरूप दास, निवासी नवापारा, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर -01 मोहल्ला नवापारा, नगर अम्बिकापुर स्थित प्लाट नम्बर 9/177 रकबा 2691 वर्गफीट भूमि पर प्रस्तावित नक्शानुसार अनुसार भू-तल पर रकबा 180.00 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 168.00 वर्गमीटर, द्वितीय तल पर रकबा 168.00 वर्गमीटर, तृतीय तल पर रकबा 168.00 वर्गमीटर पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र न्यायालय अपर कलेक्टर, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है । उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः-31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका अभय साहू आ०/पति मुखलाल साहू जाति निवासी नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-मणीपुर, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4128/2, रकबा 0.05 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक /आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 13.08.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 29.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती प्रभावती आ०/पति शांति स्वरूप अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी भैयाथान, जिला सूरजपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला सदर रोड़, शीट नम्बर-11क नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3196/4817/76 रकबा 1260 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 10/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा। आज दिनांकः- 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०-/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका योगेन्द्र कुमार यादव आ०/पति मोहरलाल यादव जाति निवासी दरीर्पारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला दरीर्पारा, शीट नम्बर-10 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4018/32 रकबा 610 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पंत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 17/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/20(1)/2025-26**
**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रियंका सोनी आ०/पति प्रमोद सोनी जाति, निवासी नेहरू वार्ड सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-बाबूपारा, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3467/4866/44 रकबा 2100 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक- 13/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 28/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# हाथियों के आतंक से त्रस्त किसानों ने फसल का पूरा मुआवजा देने की मांग

## राहत के आभाव में सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन की चेतावनी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के हाथी प्रभावित क्षेत्रों के किसानों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। मसगा, सोनपुर, पड़ीपा, नवाडीह, पेंडारी, मकनपुर, करसी, सिलफिली, कनकनगर, टुकुडांड, चंद्रेली सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों और अन्नदाता किसानों ने मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार तथा वन मंडलाधिकारी सूरजपुर से न्याय की गुहार लगाते हुए हाथियों से होने वाली फसल, मकान और जनहानि पर वर्तमान मुआवजा व्यवस्था को अपर्याप्त बताया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो उन्हें सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि उनके क्षेत्र में वर्षभर हाथियों की आवाजाही बनी रहती है। हाथियों के झुंड खेतों में घुसकर किसानों की खून-पसीने की मेहनत को कुछ ही घंटों में बर्बाद कर देते हैं। कई बार मकानों को नुकसान पहुंचता है,



मवेशी मारे जाते हैं और मानव जीवन भी खतरे में पड़ जाता है। लगातार नुकसान के बावजूद किसानों को न तो समय पर मुआवजा मिलता है और न ही उनकी वास्तविक क्षति का सही आकलन किया जाता है। किसानों ने शासन की मुआवजा नीति पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि सरकार धान खरीदी के दौरान प्रति एकड़ 21 क्विंटल उत्पादन मानकर लगभग 65 हजार रुपये का मूल्य देती है, लेकिन वही फसल हाथियों द्वारा नष्ट होने पर मात्र 8.5 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा निर्धारित किया गया है। किसानों ने पूछा कि आखिर किस आधार पर यह गणना की गई है, जबकि वास्तविक नुकसान इससे कई गुना अधिक होता है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वन विभाग के सर्वे के दौरान कई बार वास्तविक नुकसान को कम आंककर मुआवजा घटा दिया जाता है। इतना ही नहीं, स्वीकृत राशि का भुगतान भी महीनों और कई मामलों में वर्षों तक लंबित रहता है। इससे किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। अधिकांश किसान खेती के लिए बैंक और साहूकारों से ऋण लेकर खेती करते हैं। फसल नष्ट होने और समय पर मुआवजा नहीं मिलने के कारण वे कर्ज चुकाने में असमर्थ हो जाते हैं, जिससे अगले सीजन में उन्हें दोबारा ऋण मिलने में भी कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने जनहानि के मुआवजे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यदि किसी परिवार के मुखिया की हाथी के हमले में मृत्यु हो जाती है तो चार लाख रुपये का मुआवजा उस परिवार के जीवनभर के भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। इसलिए, जनहानि, फसल क्षति, मकान क्षति और पशुहानि की मुआवजा राशि का वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार पुनर्निर्धारण किया जाना चाहिए। हाथी प्रभावित गांवों के किसानों ने मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार और वन विभाग से मांग की है कि फसल नुकसान का वास्तविक मूल्यांकन कर उचित मुआवजा दिया जाए, सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र भुगतान हो तथा हाथियों के स्थायी प्रबंधन के लिए प्रभावी योजना बनाई जाए। किसानों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में सभी प्रभावित गांवों के किसान एकजुट होकर व्यापक आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र के गांवों में बाघ चौपाल लगा ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

## 0 ग्रामीण विभाग को सौंप रहे तीर, धनुष, फंदा, तार व जाल, पंडो जनजाति ने लिया बाघ को बचाने का संकल्प 0 अपील- वन्यजीवो के गतिविधियो की विभाग को दें सूचना





प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के वन परिक्षेत्र कुदरगढ़ में ग्रामीणों को बाघ संरक्षण एवं मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बाघ चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र के धरसेड़ी वन बीट के बिरसा पारा, आनंदपुर वन बीट के आमापानी पारा, भवरखोह वन बीट के सेमरखांड पारा व गेरहाड़ाड पारा में बाघ चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को बाघों के प्राकृतिक व्यवहार, वन एवं जैव विविधता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा बाघों के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, मानवझवन्यजीव संघर्ष की स्थिति में अपनाई जाने वाली सावधानियों, मवेशियों की सुरक्षा, वन अपराधों की रोकथाम तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण में जनसहभागिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा से चर्चा किया गया।वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि यदि किसी क्षेत्र में बाघ अथवा अन्य वन्यजीव की गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। वन विभाग का उद्देश्य स्थानीय समुदाय के सहयोग से बाघ एवं अन्य वन्यजीवों का सुरक्षित संरक्षण सुनिश्चित करना तथा मानव और वन्यजीवों के बीच सौहार्दपूर्ण सहअस्तित्व को बढ़ावा देना है।ग्रामीणों से अपील की गई कि वे वन्यजीवों के अवैध शिकार में प्रयुक्त तीर-धनुष, फंदा, तार, जाल एवं अन्य शिकार सामग्री का स्वेच्छा से वन विभाग के समक्ष समर्पण करें तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहा है कि ग्रामीण स्वेच्छा से अपने तीर-धनुष, फंदा, तार, जाल विभाग के समक्ष समर्पण कर रहे है। इस मौके पर कुदरगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी विकाश गुप्ता, परिक्षेत्र सहायक सुदामा सिंह, रामनाथ सिंह, समस्त टाइगर ट्रेकर्स समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## छ.ग. स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का गौरव

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा



आयोजित छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव-2026 में जिले के खिलाड़ियों एवं खेल प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर जिले का गौरव बढ़ाया। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले से तीन प्रतिनिधियों ने कॉन्क्लेव में भाग लिया। इनमें वॉलीबॉल खेल से सौरव साहू एवं अमीषा राजवाड़े तथा एथलेटिक्स से अंजु सिंह शामिल रहीं।

# अवैध परिवहन पर सागौन लट्ठों से लोड पिकअप वाहन जप्त

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले के वन परिक्षेत्र रामानुजनगर में अवैध वनोपज परिवहन पर वन अमले ने सागौन काष्ठ से लदे एक पिकअप वाहन को जप्त किया है। बताया गया है कि रविवार की रात अवैध रूप से वनोपज परिवहन किए जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी। सूचना पर सक्रिय वनपरिक्षेत्राधिकारी रामानुजनगर श्रीमती पूजा यादव के निर्देशन में तत्काल वनकर्मियों की एक टीम गठित की गई और उसे परिक्षेत्र अंतर्गत सघन गश्त हेतु रवाना किया गया। रात्रिकालीन गश्त के दौरान सोमवार की अल सुबह परिसर छिंदिया अंतर्गत वन अमले ने एक पिकअप वाहन को जंगल की ओर जाते हुए देखा, जिस पर तत्परता दिखाते हुए वनकर्मियों ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी। मौका स्थल वाहन क्रमांक सी.जी.-15 ए.सी. 1294



पर सागौन प्रजाति के 04 नग लट्ठे लोड किए जा चुके थे। वाहन में काष्ठ लोड कर रहे व्यक्ति वनकर्मियों को देखते ही मौके से फरार हो गए। वाहन चालक से की गई पूछताछ में उसके द्वारा किसी भी प्रकार का परिवहन अनुज्ञप्ति अथवा पास न होना बताया गया। तदुपरांत वाहन मय वनोपज को जप्त करते हुए भारतीय वन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। जप्तशुदा वाहन एवं वनोपज को वन परिक्षेत्र कैम्पस रामानुजनगर लाकर सुरक्षित अभिरक्षा में रखवाया गया है। उक्त कार्रवाई में वनरक्षक राहुल साहू, वनरक्षक सुनील कुमार एवं वनरक्षक बिजेश्वर सिंह ठाकुर सम्मिलित रहे। वन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परिक्षेत्र में अवैध कटाई एवं वनोपज परिवहन की रोकथाम हेतु रात्रिकालीन गश्त सतत जारी रहेगी तथा वन संपदा को क्षति पहुँचाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 15 दिनों से जियो नेटवर्क ध्वस्त, इंटरनेट सेवा ठप, आधा दर्जन गांवों प्रभावित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**चांदनी बिहारपुर।** क्षेत्र अंतर्गत महुली स्थित जियो मोबाइल टावर की नेटवर्क व्यवस्था पिछले करीब 15 दिनों से पूरी तरह चरमरा गई है। लगातार हो रही बारिश के बीच नेटवर्क और इंटरनेट सेवा बुरी तरह प्रभावित होने से महुली, कोल्हुआ, खोहीर, बैजनपाठ, कछवारी और जुडवनिया सहित आसपास के कई गांवों के हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल में नेटवर्क का सिग्नल तो किसी तरह दिखाई देता है, लेकिन इंटरनेट सेवा लगभग पूरी तरह ठप है। कॉलिंग किसी तरह हो जाती है, जबकि मोबाइल डेटा नहीं चलने से ऑनलाइन कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। सबसे अधिक परेशानी शासकीय कार्यालयों, उचित मूल्य की दुकानों, लोक सेवा केंद्रों, बैंकिंग कार्यों, ऑनलाइन भुगतान, विद्यार्थियों की पढ़ाई तथा अन्य सरकारी सेवाओं में आ रही है।महुली का एकमात्र जियो टावर आधा दर्जन से अधिक गांवों को नेटवर्क उपलब्ध कराता है। टावर में तकनीकी समस्या के कारण पूरे क्षेत्र की संचार व्यवस्था प्रभावित हो गई है। लगातार बारिश के चलते समस्या और गंभीर हो गई है, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोक सेवा केंद्र संचालक कमलकांत जायसवाल ने बताया कि नेटवर्क की खराब स्थिति के कारण शासकीय कार्यों का संचालन करना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि कॉलिंग किसी तरह हो जाती है, लेकिन इंटरनेट बिल्कुल नहीं चलने से प्रमाण पत्र, ऑनलाइन आवेदन,



आधार संबंधी सेवाएं और अन्य सरकारी कार्य समय पर पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इससे आम नागरिकों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं लोक सेवा केंद्र संचालक जितेंद्र साकेत ने जियो कंपनी से तत्काल नेटवर्क सुधार की मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र में वर्तमान 4जी टावर को 5जी तकनीक में अपग्रेड किया जाए, ताकि महुली सहित आसपास के सभी गांवों में बेहतर नेटवर्क और तेज इंटरनेट सुविधा उपलब्ध हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि डिजिटल इंडिया के दौर में संचार सेवाओं का इस तरह ठप होना चिंताजनक है। उन्होंने जियो कंपनी और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि महुली टावर की तकनीकी जांच कर तत्काल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा बहाल की जाए।

# मंत्री लक्ष्मी की पहल से जिले को मिली 5 नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति, जिले के ओड़गी और भैयाथान क्षेत्र में खुलेंगे केंद्र

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में महिला एवं बाल विकास सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल और प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले में 5 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के युक्तियुक्तकरण एवं संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह निर्णय भारत सरकार के दिशानिर्देशों एवं राज्य शासन की स्वीकृति के आधार पर लिया गया है। इससे दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा किशोरियों को पोषण, स्वास्थ्य एवं पूर्व-प्राथमिक शिक्षा सेवाएं और



अधिक सुलभ हो सकेंगी। स्वीकृत केंद्र ओड़गी और भैयाथान परियोजना के अंतर्गत डगमलापारा, भूंडा, झाड़ूडीह, पण्डोपारा, बगईहापारा में संचालित होंगे। इन क्षेत्रों की जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति एवं स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रों की स्वीकृति दी गई है। विभागीय आदेश के अनुसार कुछ पूर्व संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों का युक्तियुक्तकरण कर उन्हें अधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाएगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए अधिक से अधिक हितग्राहियों तक सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। संचालनालय ने जिला प्रशासन एवं संबंधित परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी नवस्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन 60 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाए। साथ ही पोषण ट्रैकर एवं आईसीडीएस पोर्टल पर आवश्यक अद्यतन, कार्यकर्ता एवं सहायिका पदों की व्यवस्था तथा भवन एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को सुपोषण, स्वास्थ्य सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिले में नए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्वीकृति से दूरस्थ बस्तियों में रहने वाले बच्चों और माताओं को सीधा लाभ मिलेगा तथा कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को और अधिक मजबूती मिलेगी। विभागीय जानकारी के अनुसार इन नए केंद्रों की स्वीकृति के बाद सूरजपुर जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल संख्या 2086 हो जाएगी।

## कॉलेज में कल लगेगा शिक्षार्थी ड्राइविंग लाइसेंस शिविर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत परिवहन विभाग द्वारा 6 अगस्त को यहां के रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शिक्षार्थी ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में शिक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर पूरी की जाएगी। इस कार्य के लिए शासन द्वारा अधिकृत लोक सुविधा केंद्र के स्टाफ तथा परिवहन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

### कार्यालय कलेक्टर, जिला सरगुजा एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### अधिसूचना

अम्बिकापुर दिनांक 30.07.2026

रा.प्र.क्र./202603021900002/अ–82/2025–26 :: चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के कॉलम (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के कालम (6) में उसके सामने दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद पश्चात् अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है।

अनुसूची

**भूमि का वर्णन :–**

1. जिला– सरगुजा 2. तहसील – उदयपुर
3. ग्राम/प.ह.न.– खोड़री 4. भूमि का क्षेत्रफल– 1.153 हेक्टेयर

| खसरा न. | रकबा (हे.में) | खसरा न. | रकबा (हे.में) |
|---|---|---|---|
| 497/27 | 0.360 | 497/42 | 0.083 |
| 496/7 | 0.589 | 497/55 | 0.121 |
| कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.153 हे0 | | | |

धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी – कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र0–1, अम्बिकापुर सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण :– खोड़री जलाशय योजना के डुबान क्षेत्र एवं वेस्ट वियर नहर निर्माण।

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा समाजिक समाघात निर्धारण के निष्कों के बारे में दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के कार्यालय में किया जा सकता है।
4. प्रस्तावित भू–अर्जन से किसी भी प्रभावित का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू–अर्जन के लिये कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
6. प्रस्तावित भू–अर्जन के लिये अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत् अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उदयपुर जिला सरगुजा को पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अजीत बसंत)
कलेक्टर,
सरगुजा
एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

(राम राज सिंह)
भू–अर्जन अधिकारी
उदयपुर

जी–262702511/1

### कार्यालय कलेक्टर जिला सूरजपुर एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### अधिसूचना

क्रमांक/868/अ–82/2025–26 चूंकि राज्य शासन को यह समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची में वर्णित भूमि की मिनीमाता बांगो बांध सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत यह घोषित किया जाता है, कि इस भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

अनुसूची

1. जिला– सूरजपुर 2. तहसील– प्रेमनगर
3. ग्राम – बलदेवनगर 4. भूमि का क्षेत्रफल – 1.255 हेक्टेयर

| क. | खसरा कमांक | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 01 | 10 | 0.526 |
| 02 | 12 | 0.324 |
| 03 | 418 | 0.405 |
| योग– | | 1.255 |

2. भूमि का नक्शा (प्लान) की निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रामानुजनगर कार्यालय में कार्यलयीन दिवस में किया जा सकता है।
3. विशेषज्ञ दल ने उक्त भूमि अर्जन में किसी भी प्रकार का विस्थापन नहीं होना प्रतिवेदित किया है अतः उक्त भूमि अर्जन में किसी भी व्यक्ति का विस्थापन निहित नहीं है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार
(रैना जमील)
कलेक्टर जिला– सूरजपुर
एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

जी–262702513/1

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग.
रा0प्र0क्र0–/20(1)/2025–26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका दिलीप जायसवाल आ0/पति स्व0 हीरा प्रसाद जायसवाल जाति निवासी बौरीपारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला–बौरीपारा, शीट नम्बर–5 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2137/2 रकबा 0.09 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवे. दक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 10/08/2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांक 27/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

न्यायालय नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर जिला–सरगुजा
रा0प्र0क्र0–/अ–6/2025–26

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोविन्द प्रसाद शर्मा आ0 गंगा प्रसाद शर्मा, उम्र 72 वर्ष, जाति ब्राम्हण निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा तदाशय का आवे. दन प्रस्तुत किया गया है, कि अनावेदक द्वारा स्वयं के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अ0पुर, मोहल्ला दर्रीपारा शीट नं. 10 स्थित नजूल भूमि प्लॉट नंबर 4018/53, 4014/2 रकबा क्रमशः 0.00¾, 0.09¾ एकड़ कुल रकबा 0.10½ एकड़ भूमि के संबंध में पंजीबद्ध दानपत्र दिनांक 27.07.2026 का निष्पादन आवेदक के पक्ष में किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध दानपत्र दिनांक 27.07. 2026 के आधार पर आवेदक द्वारा दानशुदा भूमि के नजूल अभिलेख से दानकर्ताध्अनावे. दक का नाम विलोपित करते हुये स्वयं का नाम दर्ज करने हेतु पंजीबद्ध दानपत्र दिनांक 27.07.2026 की छायाप्रति मय दस्तावेज सहित आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू–राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 18/08/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 03/08/2026 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# 'सुरक्षित और समावेशी परिसर' के लिए छात्र-छात्राओं ने ली पहल

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया पॉश एवं यौन उत्पीड़न रोकथाम जागरूकता अभियान



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 5 विद्यार्थियों अंकिता, प्रीति, भूमिका, आशुतोष और अंबिके ने मंगलवार को परिसर में यौन उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम और विशाखा समिति की भूमिका पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह पहल महाविद्यालय के सोशल इनोवेशन एवं कम्युनिटी इंगेजमेंट सेल, विशाखा समिति और मुहिम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने परिसर की छात्राओं के बीच किए गए एक सर्वेक्षण के निष्कर्ष प्रस्तुत किए, जिसमें उन स्थानों की पहचान की गई जहां परिसर को अधिक सुरक्षित और यौन उत्पीड़न मुक्त बनाने के लिए सुधार की आवश्यकता है। जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रश्नोत्तरी एवं अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सत्र में एनसीसी के भी विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि विद्यार्थियों को इतने महत्वपूर्ण विषय पर पहल करते देखकर प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए और समाज की गहरी समझ हासिल करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विशाखा समिति की संयोजक डॉ. संगीता पाण्डेय एवं सोशल इनोवेशन एवं कम्युनिटी इंगेजमेंट सेल के संयोजक डॉ. दीपक सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। विधि विभाग की डॉ. पूनम ने विद्यार्थियों के अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर तकनीकी सत्र लिया, जिसमें उन्होंने यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए व्यवस्था में उपलब्ध मैकेनिज्म के बारे में विस्तार से बताया। अंत में डॉ. कामिनी ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस.एन. पाण्डेय, आईक्यूएसी के संयोजक डॉ. उमेश कुमार पांडेय, डॉ. माधवेन्द्र तिवारी, डॉ. रजनी सारथी और डॉ. अनुजा कुजूर भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मुहिम फाउंडेशन की ओर से आकृति, रोस और ऋषिकेश उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा संचालित यह कार्यक्रम राजीव गांधी महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और सहयोगी संस्थाओं के सक्रिय सहयोग से परिसर को सुरक्षित, समावेशी और जागरूक बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पांचों विद्यार्थी पीजी कॉलेज और मुहिम फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित यूथ लीडरशिप एंड कम्युनिटी एक्शन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के विद्यार्थी हैं।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, मोटरसाइकल जब्त



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** थाना गांधीनगर पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल भी जब्त की गई है। प्रार्थिया द्वारा थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 02 अगस्त को देर रात ग्राम खलिबा निवासी सुरेन्द्र चेरवा ने उसकी नाबालिग लड़की को पसंद करने की बात कहकर शादी का झांसा दिया और बहला-फुसला कर मोटरसाइकल से भगा ले गया। इसके बाद जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है। घटना की जानकारी मिलने पर अपहृत बालिका के स्वजन द्वारा नाबालिग बालिका को आरोपी के घर से लाया गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना गांधीनगर में धारा 137(2), 65(1) बी.एन.एस. एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4, 6 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का कथन लेख किया गया। पीड़िता ने अपने कथन में बताया कि आरोपी सुरेन्द्र चेरवा उसे शादी का झांसा देकर बहला-फुसला कर भगा ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया। पुलिस टीम ने सतत प्रयास के बाद आरोपी सुरेन्द्र चेरवा पिता सुखलाल चेरवा 20 वर्ष निवासी ग्राम खलिबा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकल भी जप्त कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलीप दुबे, प्रशिक्षु उप निरीक्षक भारतीय मार्कण्डेय, सहायक उप निरीक्षक सुभाष ठाकुर, आरक्षक कुंदन पाण्डेय, भीम सिंह, उमेश गुप्ता, दीपक सोनवानी सक्रिय रहे।

# भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ने महिला एवं बाल विकास मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ सरगुजा संभाग के प्रभारी सुरेंद्र साहू एवं सह प्रभारी स्वतंत्र मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने समाज सेवा, जनकल्याण एवं एनजीओ की भूमिका से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। बातचीत के दौरान सामाजिक संगठनों की सहभागिता बढ़ाने, जनहितकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा सामाजिक विकास के क्षेत्र में एनजीओ की सक्रिय भूमिका को लेकर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को अवगत कराया कि सरगुजा संभाग में विभिन्न सामाजिक संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। इन संगठनों को शासन की योजनाओं से जोड़कर जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। मंत्री ने समाजहित में कार्यरत संस्थाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शासन एवं सामाजिक संगठनों के समन्वय से जनकल्याण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें एनजीओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिनिधिमंडल ने समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में निरंतर सहयोग का विश्वास व्यक्त किया।

### पेट्रोल पंप के कर्मचारी की मौत, करंट लगने की संभावना

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, मूलत: बिहार प्रांत के बीजूसरई गांव का सौरव कुमार 20 वर्ष, रामानुजगंज रोड में स्थित रवि फ्यूल्स में मैकेनिक का काम करता था। अलसुबह करीब 3 बजे मोबाइल चार्ज करते समय संभवत: वह करंट की चपेट में आ गया। अन्य साथियों की नजर उस पर पड़ी और वे उसे मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल लेकर आए, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को मर्च्युरी में रखवा दिया है, और बिहार से स्वजन के आने का प्रतीक्षा कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मृत्यु का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# समरसता का संदेश लेकर सरगुजा पहुंचेगा वाराणसी की पावन माटी युक्त कलश

## संत रविदास की 650वीं जयंती वर्ष पर भाजपा के 'समरसता संकल्प अभियान' अंतर्गत जिलेभर में निकलेगी कलश यात्रा



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत वाराणसी स्थित संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर से लाई गई पवित्र माटी युक्त कलश पूरे सरगुजा जिले में समरसता, समानता और सामाजिक सद्भाव का संदेश लेकर भ्रमण करेगी। अभियान गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होकर आगामी माघ पूर्णिमा तक चलेगा।

राजधानी रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय भव्य कलश वंदन अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, संतों एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पवित्र कलशों का पूजन किया गया। इसके बाद प्रदेश के सभी 36 संगठनात्मक जिलों के भाजपा जिलाध्यक्षों को पवित्र कलश सौंपे गए तथा मुख्यमंत्री ने कलश यात्रा रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया जिला टोली के साथ पवित्र कलश लेकर अंबिकापुर के लिए रवाना हो चुके हैं। यह पवित्र कलश बुधवार को अंबिकापुर पहुंचेगा, यहां स्थानीय राम मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ स्वागत और पूजन किया जाएगा। इसके पश्चात यह कलश जिले के विभिन्न मंडलों में भ्रमण कर संत रविदास के समरस समाज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा।

भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि 'संत शिरोमणि गुरु रविदास केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के महान प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके विचार आज भी समाज को जोड़ने की शक्ति देते हैं। भाजपा का यह अभियान किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि पूरे समाज को एक सूत्र में पिरोने का अभियान है। हम संत रविदास के संदेश को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाकर सामाजिक सद्भाव एवं समरसता को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि वाराणसी से आई पवित्र माटी युक्त कलश का जिलेभर में श्रद्धापूर्वक स्वागत किया जाएगा तथा इसके माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को संत रविदास के आदर्शों से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। यह अभियान सामाजिक एकता, समावेशिता और भाईचारे को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, वैभव सिंह देव, आरडी चौहान, राधा रवि, आशीष गुप्ता, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एचपीवी संक्रमण एवं सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण

## राष्ट्रीय अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक, लाभों की दी गई जानकारी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में एचपीवी वैक्सीन की प्रभावशीलता, टीकाकरण के लाभ एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। दशमेश पब्लिक स्कूल में 60, कार्मेल स्कूल में 125 तथा होली क्रॉस स्कूल में 310 छात्राओं ने जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता की। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं को बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का एक सुरक्षित एवं प्रभावी उपाय है। समय पर टीकाकरण कराने से भविष्य में इस गंभीर बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं की एचपीवी संक्रमण एवं टीकाकरण से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें अपने अभिभावकों को भी एचपीवी टीकाकरण के महत्व के संबंध में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले की सभी पात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि, वे राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम के सफल संचालन में संबंधित विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ स्वास्थ्य विभाग से शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा, डॉ. चंदन केशरी, डॉ. साधना मिश्रा, आरबीएसके टीम-ए, शहरी सुपरवाइजर धनेश प्रताप सिंह एवं हिमालय फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# रोपा लगा रही थी कमला, आकाशीय बिजली गिरने से गई जान

## लखनपुर के जजगा में हुआ दर्दनाक हादसा



**छ.ग.फ्रंटलाइन लखनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जजगा में खेत में काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 37 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार 4 अगस्त, मंगलवार को दोपहर करीब 3.30 बजे कमला भगत पति आनंद भगत 37 वर्ष निवासी ग्राम नवापारा, जजगा ग्राम में स्थित अपने खेत में रोपा लगाने का कार्य कर रही थी। इसी दौरान मौसम में अचानक परिवर्तन हुआ और आकाशीय बिजली महिला के ऊपर आ गिरी। बिजली गिरते ही खेत में मौजूद लोग दौड़े और महिला को आनन-फानन में खाट पर लिटाकर पूरे शरीर पर गोबर का लेप लगाया। इसके बाद उसे अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्यमार्ग तक लाया गया। वहां से एम्बुलेंस से लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन और स्वजन ने घटना की सूचना लखनपुर थाना पुलिस को दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कमला भगत की मौत से गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सरगुजा संभाग में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी घोषित

## दिनेश कश्यप बने संभागीय अध्यक्ष, संगठन को मिलेगी नई मजबूती



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की प्रांतीय आम सभा टाउन हॉल रायपुर में संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा द्वारा सरगुजा संभाग स्तर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह गठन आनंद यादव, प्रदेश महामंत्री सरगुजा की अनुशंसा पर किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। संघ की अधिसूचना के अनुसार, नवनियुक्त संभागीय कार्यकारिणी में दिनेश कुमार कश्यप को संभागीय अध्यक्ष, राजेश्वर सिंह को कार्यकारी संभागीय अध्यक्ष, सुधीर कुमार राणा एवं राहुल कुमार यादव को संभागीय उपाध्यक्ष, चन्द्रदेव चक्रधारी को संभागीय सचिव, रामजनम यादव को संभागीय कोषाध्यक्ष तथा योगेश कुमार को संभागीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही बुजेश बिसेन को स्वास्थ्य विभाग, सरगुजा संभाग का विभागीय अध्यक्ष एवं विक्रम मिरी को आदिवासी जाति कल्याण विभाग, सरगुजा संभाग का विभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री आनंद यादव ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से कर्मचारी हितों की रक्षा, संगठन की मजबूती एवं प्रशासनिक समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की, और कहा कि नवनियुक्त कार्यकारिणी तृतीय वर्ग कर्मचारियों की आवाज को और बुलंद करने के साथ शासन-प्रशासन के समक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखेगी।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पार्किंग से लैब टेक्नीशियन का बाइक चोरी

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज संबद्ध जिला अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत सन्नी मण्डल पिता समीर मण्डल, निवासी ग्राम अजिरमा बंगालीपारा को मोटरसायकल अस्पताल के पार्किंग से गायब हो गया। सन्नी ने बताया कि एक अगस्त को दोपहर 12.30 बजे वह अपनी 'मोटरसाइकल क्रमांक सीजी 15 सीआर 5480 को जिला अस्पताल के वाहन पार्किंग में लॉक करके खड़ा किया था। रात 8.30 बजे लौटा तो बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला है, और चोर के तलाश में लगी है।

### जिले के दूरस्थ स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन की कमी होगी दूर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन की कमी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत ने जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) मद से विभिन्न पैरामेडिकल पदों पर एकमुश्त मानदेय के आधार पर नियुक्ति किए जाने हेतु 26 पदों की स्वीकृति प्रदान की है।

डीएमएफ निधि के माध्यम से दूरस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं एवं एकल स्वास्थ्य संस्थाओं में मरीजों को बेहतर उपचार, जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है। पैरामेडिकल पदों की रिक्त पदों के विरूद्ध मानव संसाधनों में होने वाले कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। इस पहल से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके निकट ही बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।

# द्वितीय चरण के ऑनलाइन काउंसलिंग की तिथि 7 अगस्त तक बढ़ाई गई

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 में जिले में संचालित 05 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा चुका है। प्रथम चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग के बाद चयन सूची जारी की गई है। प्रवेश की अंतिम प्रकिया के तहत रिक्त सीटों के लिये 28 जुलाई से 01 अगस्त तक निर्धारित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों/काउंसलिंग केन्द्रों में द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग आयोजित की गई थी।

अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के ऑनलाइन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुये द्वितीय चरण की काउंसलिंग किये जाने हेतु 03 अगस्त से 07 अगस्त तक ऑनलाइन काउंसलिंग की तिथि में वृद्धि किया गया है। द्वितीय चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची, काउंसलिंग केन्द्र एवं अन्य विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिये ऑनलाइन काउंसलिंग हेतु चयनित अभ्यर्थियों को सूचित करते हुए बताया कि वेबसाइट का अवलोकन कर ऑनलाइन काउंसलिंग एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु कक्षा 5वीं की मूल अंकसूची, मूल निवास प्रमाण पत्र, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड विशेष श्रेणी के अभ्यर्थी होने पर उक्त श्रेणी के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र आदि के साथ 07 अगस्त तक निर्धारित काउंसलिंग केन्द्र में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। काउंसलिंग से संबंधित समस्त प्रकार की सूचना वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। अभ्यर्थियों को नियमित रूप से वेबसाइट का अवलोकन करते रहने की सलाह दी गई है।

# स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में हुई जनभागीदारी समिति की बैठक



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, अंबिकापुर में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अनामिका पैंकरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर प्रतिनिधि और जनभागीदारी समिति उपाध्यक्ष अपर कलेक्टर सुनील कुमार नायक उपस्थित हुए। इन्होंने महाविद्यालय के सुचारू संचालन हेतु उपयोग में आने वाले सोलर पैनल, वाटर प्यूरीफायर, महाविद्यालय के उपलब्ध जमीन का सीमांकन कराते हुए फेंसिंग आदि कई महत्वपूर्ण चीजों को उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति सदस्य के तौर पर रूपा गुप्ता, रश्मि जायसवाल, रवि विश्वकर्मा, प्रिंस तिवारी, शुभम प्रजापति, अमोघ कश्यप तथा महाविद्यालय के सभी अधिकारियों की उपस्थिति रही। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रिज़वान उल्ला ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर